


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 122 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 14 फरवरी 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...

### बोर्ड परीक्षा से पहले 21 से हेल्पलाइन प्रारंभ, समस्याओं का मंडल करेगा समाधान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी और हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक परीक्षाओं के संदर्भ में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 21 फरवरी से हेल्पलाईन-2023 प्रारंभ की जा रही है। विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक रविवार एवं अवकाश दिवस को छोड़कर प्रात: 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक हेल्पलाइन में मंडल के टोल फ्री नं. 18002334363 पर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव प्रो. व्ही.के. गोयल ने बताया कि हेल्पलाइन में मनो चिकित्सक, शैक्षिक अभिप्रेरक, विषय-विशेषज्ञ एवं मंडल के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक, शैक्षिक अभिप्रेरक परीक्षार्थियों के परीक्षा भय, परीक्षा तनाव संबंधी समस्याओं का निराकरण कर परामर्श देंगे। विषय-विशेषज्ञ आगामी दिवस को होने वाली विषय की परीक्षा से संबंधित समस्याओं का निराकरण करेंगे और मंडल के अधिकारी मंडल से संबंधित समस्याओं का समाधान करेंगे।



### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मयाली में मिट्टी के मड हाऊस का किया शुभारंभ

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जशपुर जिले के कुनकुरी विकाखण्ड के मयाली ग्राम में मिट्टी के मड हाऊस का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, गृह एवं लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू, लोक स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव एवं कुनकुरी विधायक यूडी मिंज, जशपुर विधायक विनय भगत, रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, आदि उपस्थित थे।

## बीएसपी में हादसा : रेल मिल के रोलर में फंसा मजदूर का पैर, गंभीर रूप से घायल



श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई स्टील प्लांट में मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां के रेल मिल में काम कर रहे मजदूर का रोलर में पैर फंसने से गंभीर रूप से घायल हो गया है। रोलर में फंसने के बाद कर्मचारी की चीखने लगा। साथी कर्मचारियों ने मशीन को बंद कर कड़ी मशक्कत से उसे बाहर निकाला गया। कर्मचारी की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है जिसे शुरुआती इलाज के लिए प्लांट के मेन मेडिकल पोस्ट में ले जाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार भिलाई स्टील प्लांट में यह हादसा गुरुवार सुबह लगभग10 से 11 बजे के बीच की है। ठेका श्रमिक विनय मौर्या हादसे का शिकार हो गया। हादस रेलमिल में हुआ है जहां कर्मचारी काम कर रहा था। बताया जा रहा है मजदूर ने रोलर को साफ करने के लिए पैर लगाने का प्रयास किया था। इसके कारण रोलर के पट्टे में मजदूर का पैर फंस गया। हादसे के बाद मजदूर की चीख पुकार निकल गई। तत्काल मौके पर कर्मचारियों की भीड़ लग गई। मौके पर अधिकारी भी पहुंच गए। कड़ी मशक्कत के बाद रोलर में फंसे मजदूर को बाहर निकाला जा सका। मजदूर को मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया।

## कांकेर के कोरर आटो हादसे में घायल आठवें बच्चे की भी मौत

### रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में चल रहा था इलाज



**रायपुर।** कांकेर के भानुप्रतापुर कोरर में कुछ दिन पहले स्कूली बच्चों से भरी ऑटो हादसे में घायल आठवें बच्चे की भी मौत हो गई। बच्चे का रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में इलाज चल रहा था। मंगलवार को छात्र ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद बच्चे की हालत काफी गंभीर बनी हुई थी।

बता दें कांकेर जिले के ग्राम कोरर में 9 फरवरी की शाम यहां के जैन पब्लिक स्कूल से बच्चों को घर छोड़ने जा रहे ऑटो को तेज रफ्तार ट्रक ने ठोकर मार दी थी। इस हादसे में 7 बच्चों की मौत हो गई थी वहीं एक बच्चा व ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल थे। घायल बच्चे का नाम गौतम मंडावी (8 वर्ष) तथा आटो ड्राइवर भावेश कुमार को गंभीर हालत में रायपुर मेडिकल कालेज रेफ्र किया गया था। इलाज के दौरान मंगलवार सुबह गौतम मंडावी की मौत हो गई। वहीं ऑटो चालक की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

## दिल्ली-मुंबई में बीबीसी दफ्तर के इनकम टैक्स की रेड

### फोन जब्त कर स्टाफ को भेजा घर



**नई दिल्ली।** मीडिया संस्थान बीबीसी के दिल्ली और मुंबई दफ्तर पर इनकम टैक्स के छापे पड़े हैं. सूत्रों के मुताबिक, सभी कर्मचारियों के फोन जब्त कर लिए गए हैं। कर्मचारियों से दफ्तर छोड़कर घर जाने के लिए कह दिया गया है. लंदन स्थित बीबीसी के दफ्तर में छापेमारी की कार्रवाई की जानकारी दे दी गई है।

सूत्रों के मुताबिक, इंटरनेशनल टैक्स से जुड़ा ये मामला है. टैक्स में गड़बड़ी को लेकर बीबीसी दफ्तर पर आईटी की ये सर्चिंग चल रही है। बताया जा रहा है कि इनकम टैक्स की टीम का सर्वे है। हालांकि, अभी तक इनकम टैक्स विभाग की ओर से इसे लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

### दिल्ली से मुंबई तक आयकर विभाग की रेड

बीबीसी के मुंबई में दो दफ्तर हैं। एक बीकेसी और दूसरा खार में. इनकम टैक्स के अफसर बीकेसी दफ्तर पर पहुंचे हैं। कर्मचारियों को घर जाने के लिए कह दिया गया है। दिल्ली में बीबीसी का दफ्तर इमारत के 5वें और 11वें फ्लोर पर है, दोनों फ्लोर पर आईटी के अफसर पहुंचेद्ध दिल्ली दफ्तर के दोपहर की शिफ्ट के कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने के लिए कहा गया है।

### कांग्रेस ने रेड को बीबीसी डॉक्यूमेंट्री से जोड़ा

कांग्रेस ने आईटी की इस कार्रवाई को बीबीसी डॉक्यूमेंट्री पर बैन से जोड़ा है। कांग्रेस ने ट्वीट कर कहा, पहले बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री आई, उसे बैन किया गया। अब बीबीसी पर आईटी का छापा पड़ गया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि हम अडानी मामले में जेपीसी की मांग कर रहे हैं, दूसरी ओर बीबीसी के दफ्तर पर इस तरह की कार्रवाई हो रही है।

## पुणे में एसयूवी ने 17 महिलाओं को कुचला, पांच की मौत

**पुणे।** बेकाबू एसयूवी की चपेट में आने से पांच महिलाओं की मौत हो गई। एक वैवाहिक समारोह में खाना बनाकर देररात लौट रही 17 महिलाओं को कुचलते हुए एसयूव निकल गई। यह हादसा महाराष्ट्र के पुणे-नासिक हाईवे पर हुआ। यह घटना सोमवार की रात लगभग 11 बजे की है। बताया जा रहा है कि हादसे में 2 महिलाओं की मौके पर वहीं 3 महिलाओं की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद एसयूवी चालक फरार हो गया है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है

मिली जानकारी के अनुसार एसयूवी की चपेट में आने वाली सभी महिलाएं खाना बनाने का काम करती हैं। आधी रात एक कार्यक्रम से अपना काम खत्म कर घर लौट रही थीं। सभी महिलाएं बस से खरपुड़ी फाटा के पास उतरी थीं। इस दौरान सभी महिलाएं सड़क पार कर रही थी। बताया जा रहा है इस बीच एक तेज रफ्तार एसयूवी ने 17 महिलाओं को अपनी चपेट में लिया और कुचलते हुए फरार हो गया। हादसे में दो महिलाओं की मौके पर तो तीन महिलाओं की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।


## गन्ने के खेत में लगी भीषण आग, फसल जलकर खाक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** कवर्धा जिले के बोड़ला थाना क्षेत्र के तरेगांव मैदान में सोमवार देर रात गन्ने के खेत में भीषण आग लग गई। आग से 15 एकड़ से अधिक में लगी गन्ने की फसल जलकर खाक हो गई है। आग किसान चतुर वर्मा के खेत में लगी। आग से लाखों के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। फिलहाल आग लगने की वजहों का पता नहीं चल सका है।

जानकारी के मुताबिक, देर रात लोगों ने किसान चतुर वर्मा के गन्ने के खेत में आग की बड़ी-बड़ी लपटें और धुआं निकलते देखा। गन्ने की फसल धू-धूकर जलता देख किसान चतुर वर्मा और बाकी ग्रामीण तुरंत खेत में आए और आग बुझाने की कोशिश की। इस बीच वहां मौजूद लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड ने मौके पर आग पर काबू पाया।

तत्काल दमकलकर्मी तरेगांव मैदान स्थित गन्ने के खेत में पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद भीषण आग पर काबू पाया। किसान के 15 एकड़ से ज्यादा में लगी गन्ने की फसल जलकर खाक हो गई है। कितने रुपयों का नुकसान हुआ है, इसका आकलन किया जा रहा है, साथ ही आग लगने के कारणों की भी जांच की जा रही है।



## एक अलग लेवल पर है दुर्ग पुलिस

श्रीकंचनपथ




दुर्ग पुलिस इन दिनों अपने कप्तान के तौर-तरीकों को लेकर चर्चा में है। एसपी डॉ अभिषेक पल्लव अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद उनमें अपराध बोध जगाने की भी कोशिश करते हैं। ऐसा करने वाले संभवत: वे देश के पहले पुलिस अधिकारी हैं। अब तक तो यही सुनने को मिलता था कि हत्या करने के बाद आरोपी उसे जस्टिफाई करने की कोशिश करते है। कुछ तो पत्नी बच्चों की हत्या के बाद मूछों पर ताव देते हुए दिखाई देते थे। ऑनर किलिंग के मामलों में तो अदालत के कटघरे से भी लोग कह चुके हैं कि उनके मन में अपने किये को लेकर कोई पछतावा नहीं है। पर दुर्ग के पुलिस कप्तान की कोशिशें इससे अलग हैं। वे न केवल अपराधी की धरपकड़ में यकीन करते हैं बल्कि स्वयं उनसे बातें भी करते हैं। उनकी पूरी कोशिश होती है कि अपराधी के मन में अपने किए को लेकर पछतावा हो। उसे लगे कि उसने कुछ गलत किया है। इस बातचीत का वीडियो रिकार्डिंग भी सोशल मीडिया पर वायरल किया जाता है। उनकी इस रणनीति के लिए कहीं न कहीं उनका मेडिकल बैकग्राउंड का बड़ा हाथ है। पुलिस में आने से पहले वे एक मनोरोग चिकित्सक थे। वो जानते हैं कि जो हो गया, वह हो गया, उसे बदला नहीं जा सकता। पर परिजनों की हत्या के बाद यदि लोगों के मन में अपराध बोध जागता है तो वे टूट सकते हैं। उनकी ऐसी हालत देखकर उन लोगों का मन बदल सकता है जो ऐसी ही किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। डॉ पल्लव स्कूल-कालेजों के कार्यक्रम में भी खूब शामिल होते हैं। वे लोगों को हेलमेट लगाने के लिए तो प्रेरित करते ही हैं साथ ही बेतहाशा रफ्तार के नुकसान भी गिनाते हैं। वे बताते हैं कि किस तरह एक सड़क हादसे में वे अपना एक पैर लगभग गंवा बैठे थे। इसके बाद मजाकिया लहजे में वे कहते हैं कि रॉड डालकर पैर तो बच गया पर शादी के बाजार में उनकी वैल्यू कम हो गई। दरअसल, देश की पुलिस ने अब तक खुद को क्राइम डिटेक्शन, अपराधियों की धरपकड़ और उन्हें अदालत में पेश करने तक सीमित कर रखा था, पर अब यह ढर्रा बदल रहा है। जांजगीर की ही बात करें तो यहां एक रसूखदार के यहां शादी में हवाई फायर किये गये। पुरुषों ने तो किये ही, महिलाओं ने भी पिस्टल और रिवाल्वर से गोलियां दागी। यूपी-बिहार सहित मध्यप्रदेश के कुछ इलाकों में यह एक सामान्य सी घटना है। वहां लोग अपनी-अपनी बंदूकें लेकर शादियों में पहुंचते हैं और हवाई फायर करते हैं। पर छत्तीसगढ़ में यह चलन नहीं के बराबर है। जांजगीर पुलिस कप्तान ने कहा है कि जिन लोगों ने हवाई फायर की है, उनके लाइसेंसों की जांच की जाए। यदि इसमें लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन हुआ है तो उनके लाइसेंस निरस्त किये जाएं। पुलिस का यह नया रूप लोगों को खूब भा रहा है।









## संपादकीय

# समिति पर सहमति

केंद्र सरकार ने हिंडनबर्ग-अडानी प्रकरण के बाद नियामक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए समिति गठन पर सहमति जताकर प्रशंसनीय कार्य किया है। समिति या पैनल के गठन की मांग लगातार हो रही थी और यदि पैनल ने सही ढंग से काम किया, तो मुमकिन है कि भविष्य में ऐसी वित्तीय गड़बड़ियों की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। जाहिर है, पैनल को इस तरह से काम करना होगा, ताकि देश में धन या निवेश का प्रवाह प्रभावित न हो। ज्यादा कड़ाई से जांच के अपने नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं। सुनवाई के दौरान, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार को परामर्श समिति नियुक्त करने में कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में निवेशकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए और स्थिति से कैसे निपटा जाए, इसके लिए सेबी सक्षम है। सेबी संभवतः इसी सप्ताह वित्त मंत्री को एक रिपोर्ट सौंपेगी। वास्तव में राजनीति से परे अगर देखें, तो भी यह जांच का विषय है ही। यदि किसी गलत कार्य की आशंका नहीं है, तब भी जांच की जरूरत को खारिज करना ठीक नहीं है। निश्चित ही अडानी समूह के पक्षधर भी कम नहीं हैं, लेकिन जो नुकसान इस समूह व परोक्ष रूप से इस देश के निवेशकों को हुआ है, उसकी पड़ताल भविष्य के लिए जरूरी है। यह स्वागतयोग्य है कि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से बुधवार तक शर्त संबंधी जवाब मांगा है, जिसमें सरकार की मंशा का ठीक-ठीक पता चलेगा। अगली सुनवाई शुक्रवार को है और उस दिन पैनल की घोषणा संभव है। मंशा छिपाने की नहीं, बल्कि सुधार की होनी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को ही एक मजबूत ढांचा स्थापित करने के लिए कहा था। शायद कानून या नियम में ऐसे खामियां हैं, जिनका फायदा कंपनियां उठाती रही हैं। ऐसी चालाकी से अनेक कंपनियां आगे बढ़ी हैं, लेकिन यह क्रम अगर अबाध चल रहा है, तो टूटना चाहिए। अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट को ज्यादातर भारतीय गंभीरता से न भी लें, पर जिन विदेशी निवेशकों के दिमाग में सवाल घुस गया है, उन्हें क्या जवाब दिया जाएगा? यदि किसी समूह का मूल्य कुछ ही दिनों में लगभग आधा हो गया है, तो निवेशकों के मन में जो चल रहा होगा, उसे समझना चाहिए। क्या वे अन्य भारतीय कंपनियों को भी नई रोशनी में परख नहीं रहे होंगे? यह देखा गया है कि जब भारत में शेयर बाजार गिर रहा था, तब अमेरिका में चढ़ रहा था। वैसे यह भारतीय बाजार की विश्वसनीयता ही रही है कि यहां मुश्किल दौर में भी तेजी देखी जाती है। शेयर बाजार में गिरावट असामान्य बात नहीं है, लेकिन गलत वजहों से नहीं होनी चाहिए। देश के प्रधान न्यायाधीश धनंजय वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने आगे का रास्ता तैयार करने के लिए एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में विशेषज्ञ समिति के गठन का जो प्रस्ताव रखा है, उसे मूर्त रूप लेते देखना शेयर बाजार के कामकाज में सुधार के लिए बहुत जरूरी है। दूसरी ओर, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड मतलब सेबी की जिम्मेदारी सबसे ज्यादा है, अगर वह पर्याप्त सजग रही होती, तो शायद हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जमीन ही तैयार न होती। पड़ताल इसलिए भी जरूरी है कि अगर कोई विदेशी संस्था पिछले दरवाजे से भारतीय बाजार को नुकसान पहुंचाना चाहती है, तो उसे भी सबक सिखाया जाए। आज भारत जब एक आर्थिक संभावना है, तब ऐसे हमले आश्चर्य की बात नहीं, लेकिन क्या हमारी नियामक संस्थाएं मुकाबले के लिए तैयार हैं?

“ देश के प्रधान न्यायाधीश धनंजय वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने आगे का रास्ता तैयार करने के लिए एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में विशेषज्ञ समिति के गठन का जो प्रस्ताव रखा है, उसे मूर्त रूप लेते देखना शेयर बाजार के कामकाज में सुधार के लिए बहुत जरूरी है। दूसरी ओर, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड मतलब सेबी की जिम्मेदारी सबसे ज्यादा है, अगर वह पर्याप्त सजग रही होती, तो शायद हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जमीन ही तैयार न होती।

## विक्टिम कार्ड का सहारा

उचित यह होता कि नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई बहस का जवाब देते समय उठाए गए सवालों के तथ्यपरक जवाब देश के सामने रखते। लेकिन उन्होंने अडानी का नाम तक नहीं लिया।

लोकसभा में राहुल गांधी सहित कई विपक्षी नेताओं ने प्रधानमंत्री और सरकार से अडानी प्रकरण में खास प्रश्न पूछे थे। उचित यह होता कि नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई बहस का जवाब देते समय उन सवालों के तथ्यपरक जवाब देश के सामने रखते। लेकिन उन्होंने अडानी का नाम तक नहीं लिया। इसके विपरीत उन्होंने कहा कि उन्हें 'गाली' दी गई और सदन में 'झूठ' बोला गया। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस के पतन पर लंबा वक्तव्य दिया और विपक्ष की 'निराशाओं' का जिक्र किया। और दावा किया कि उनकी ताकत अखबारी सुर्खियों या टीवी चर्चाओं से नहीं, बल्कि देश के लिए समर्पण से बनी है। सरकारी कल्याण योजनाओं को उन्होंने खुद से जोड़ा और कहा कि उनसे लाभान्वित लोग विपक्ष के आरोपों पर भरोसा नहीं करेंगे। सदन में प्रधानमंत्री बोलते, इसके पहले ही स्पीकर ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए राहुल गांधी के भाषण के कुल 18 हिस्से कार्यवाही से हटा दिए। इनमें वो हिस्से भी शामिल हैं, जिनमें गांधी ने मोदी और अडानी के रिश्तों पर सवाल उठाए थे। राहुल गांधी ने अडानी और मोदी की एक पुरानी तस्वीर सदन में दिखाई थी, जिसे भी रिकॉर्ड से हटा दिया गया है। उधर राज्यसभा में एक और सिद्धांत प्रतिपादित किया गया। इसमें कहा गया कि सदन में प्रधानमंत्री की आलोचना नहीं हो सकती, क्योंकि प्रधानमंत्री एक संस्था हैं। अब देश के विवेकशील लोगों के सामने यह विचारणीय प्रश्न है कि क्या जिस व्यवस्था में हम जी रहे हैं, उसे किस ढंग का लोकतंत्र कहा जाए? लोकतंत्र का आम सिद्धांत जवाबदेही है। सवाल पूछे गए हैं, तो जवाब देना सरकार का काम है। इसी तरह प्रधानमंत्री सबसे ऊपर हैं, यह धारणा सिरे से अस्वीकार्य है। बल्कि ब्रिटिश व्यवस्था में (जिसे हमने अपनाया है) प्रधानमंत्री को कैबिनेट में समान दर्जे वाले पदधारियों के बीच प्रथम होने की मान्यता ही रही है। इसी आधार पर कैबिनेट के सामूहिक दायित्व का सिद्धांत प्रचलन में रहा है। लेकिन वर्तमान सरकार के तहत तमाम नए सिद्धांत और परिपाटियां गढ़ी जा रही हैं। इस परिघटना पर गंभीर चर्चा की जरूरत है। वरना, भारतीय लोकतंत्र के स्वरूप को उस हद तक बदल दिया जाएगा, जिससे इसे पहचान पाना ही कठिन हो जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट के एक और जज बने राज्यपाल

सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जजों के लिए ढेर सारे आयोग और ट्रिब्यूनल में अध्यक्ष और सदस्य के पद आरक्षित हैं। सरकार की ओर से रिटायरमेंट के बाद कोई पद देने की मिसाल कम ही है। लेकिन केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद ऐसी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है, जब देश की सर्वोच्च अदालत से कोई जज रिटायर हुआ हो और उसे तत्काल किसी बड़े पद पर नियुक्त कर दिया है। इस मामले में नया नाम जस्टिस एस अब्दुल नजीर का है। उनको आंध्र प्रदेश जैसे बड़े राज्य का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। जस्टिस नजीर काफी चर्चित रहे हैं और सरकार को राहत देने वाले कई फैसलों में शामिल रहे हैं। सबसे हाल में वे नोटबंदी पर दिए गए फैसले से चर्चा में थे। जस्टिस एस अब्दुल नजीर की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने पांच सौ और एक हजार रुपए के नोट बंद करने के केंद्र सरकार के फैसले को वैध ठहराते हुए उस पर मुहर लगाई थी।

> “ सत्ता विरोधी लहर और भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे मुख्यमंत्री बोम्मई इसके बहाने कांग्रेस की आक्रामक राजनीति को खारिज करने की कोशिश भी कर रहे हैं। आंध्र में जगनमोहन रेड्डी सरकार केंद्र से फैसले से नाखुश है, लेकिन इस मुद्दे को ज्यादा तूल देने में असमर्थ है, क्योंकि वह केंद्र की भाजपा सरकार को नाराज करने का जोखिम नहीं उठाना चाहती।

# नदी जल योजनाओं पर टकराते सूबे

एस. श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार



आम बजट में कर्नाटक की अपर भद्रा परियोजना के लिए 5,300 करोड़ रुपये देने संबंधी प्रस्ताव ने इसके पड़ोसी राज्यों- आंध्र प्रदेश व तेलंगाना में असंतोष पैदा कर दिया है। जिस बात ने इन दोनों राज्यों को अधिक परेशान किया है, वह है इसे केंद्रीय परियोजना बताना, जिसका अर्थ है कि इसके लिए पूरी रकम दिल्ली देगी। इस साल कर्नाटक में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, इसलिए इसे चुनावी उपहार माना जा रहा है, पर पड़ोसी राज्य इसलिए नाराज हैं, क्योंकि वे अपनी महत्वाकांक्षी बहु-उद्देश्यीय नदी जल परियोजनाओं- तेलंगाना की कालेश्वरम और आंध्र प्रदेश की पोलावरम के लिए अधिक फंड की मांग कर रहे थे, जिसे पाने में वे नाकाम साबित हुए हैं। दोनों ही परियोजनाओं में लागत बढ़ गई है और अब यह एक लाख करोड़ रुपये या इससे अधिक हो गई है।

पोलावरम परियोजना की बात करें, तो यह एक घोषित केंद्रीय योजना है, लेकिन आंध्र प्रदेश को फंड उतनी तेजी से नहीं मिल रहे हैं, जिसके कारण इस परियोजना की गति धीमी पड़ गई है। जबकि, तेलंगाना के मामले में राज्य को केंद्रीय एजेंसियों ने बड़े पैमाने पर कर्ज जरूर दिया है, जिनको स्वीकृत भी किया जा चुका है, फिर भी फंड जारी नहीं होने की शिकायत है।

तीनों राज्यों में नदी जल परियोजनाओं की राजनीति तरह-तरह से चल रही है। कर्नाटक की बात करें, तो राज्य को परियोजना के लिए केंद्र से 12,500 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है, जिसका मकसद चित्रदुर्ग, चिक्कमगलुरु, दावणगेरे और तुमकुरु के सूखाग्रस्त जिलों में 2.25 लाख एकड़ जमीन को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना है। बसवराज बोम्मई की भाजपा सरकार का इरादा इससे चुनावी लाभ कमाना है। सत्ता विरोधी लहर और भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे मुख्यमंत्री बोम्मई इसके बहाने कांग्रेस की आक्रामक राजनीति को खारिज करने की कोशिश भी कर रहे हैं। आंध्र में जगनमोहन रेड्डी सरकार केंद्र से फैसले से नाखुश है, लेकिन इस मुद्दे को ज्यादा तूल देने में असमर्थ है, क्योंकि वह केंद्र की भाजपा सरकार को नाराज करने का जोखिम नहीं उठाना चाहती। रेड्डी के मुख्य प्रतिद्वंद्वी और तेलुगुदेशम पार्टी के नेता चंद्रबाबू नायडू भी आवाज उठाने में हिचक रहे हैं, क्योंकि वह भी इस बार भाजपा से हाथ मिलाने को बेताब हैं। पड़ोसी तेलंगाना में मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव जरूर मुखालफत कर रहे हैं और वह इस मुद्दे को आगे बढ़ा सकते हैं, क्योंकि इस परियोजना को धन की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

अपर भद्रा जल परियोजना का उद्देश्य तुंगा नदी से 17.40 हजार मिलियन क्यूबिक फीट (टीएमसीएफटी) पानी पंप से भद्रा जलाशय में पहुंचाना है। आंध्र प्रदेश की चिंता है कि यह परियोजना तुंगभद्रा नदी के प्रवाह को प्रभावित कर सकती है, जो इसके दक्षिण में रायलसीमा क्षेत्र से गुजरती है। राज्य के तीन पूर्ववर्ती जिले अनंतपुर, कुरनूल और कडप्पा तुंगभद्रा से ही पानी लेते हैं।

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक पहले से ही कृष्णा नदी के पानी के बंटवारे को लेकर आपस में उलझे हुए हैं। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना का कहना है कि न्यायाधिकरण ने उनके बीच पानी का बंटवारा नहीं किया है। उनकी नजर में अपर भद्रा को केंद्रीय परियोजना घोषित करना गलत है, क्योंकि पानी की उपलब्धता के बुनियादी कार्य को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। आंध्र प्रदेश ने इस बाबत एसएलपी दायर कर रखा है, जो पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, जबकि तेलंगाना ने खुद इस मामले में अड़ंगा लगाया है। अपर भद्रा परियोजना पर केंद्र की कृपा बरसने से दोनों राज्यों के सिंचाई विशेषज्ञ भी हैरान हैं, क्योंकि पड़ोसी राज्यों के साथ इसे लेकर विवाद है। राजनेता इसकी वजह आगामी चुनाव मानते हैं, और इसे 'सियासी आवंटन' कह रहे हैं। बेशक कर्नाटक को सिंचाई परियोजना की दरकार है, लेकिन वक्त को लेकर उठ रहे सवाल लाजिमी हैं।

बहरहाल, तेलंगाना और आंध्र के लिए बहुत कुछ दांव पर है। चंद्रशेखर राव ने महत्वाकांक्षी कालेश्वरम परियोजना तैयार की है, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी लिफ्ट सिंचाई योजना कहा जाता है। इस परियोजना के तहत गोदावरी नदी में 139 मेगावाट के पंप लगाए गए हैं, जो एक किसान द्वारा सामान्य सिंचाई उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाने वाले 0.5 किलोवाट पंप से 3,000 गुना अधिक शक्तिशाली हैं। भेल की भोपाल फैक्टरी में तैयार यह पंप अपने आप में इंजीनियरिंग का चमत्कार माना जाता है। तेलंगाना को अपने लंबित बिलों का भुगतान करना है और वह पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) से 37,000 करोड़ रुपये व रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन (आरईसी) से 30,000 करोड़ रुपये कर्ज ले रहा है। पूरे प्रोजेक्ट की लागत शुरुआती 35,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 55,000 करोड़ रुपये और अब 1.10 लाख करोड़ रुपये हो गई है। पीएफसी और आरईसी ने अब फंडिंग बंद कर दी है, क्योंकि केंद्र ने एफआरबीएम प्रावधान लागू कर दिया है, जो राज्य द्वारा उधार लिए जाने की सीमा तय करता है।

केसीआर की कुछ और भी चिंताएं हैं। इस परियोजना से तेलंगाना में 13 जिलों की 45 लाख एकड़ भूमि को सिंचित और पूरे राज्य को पीने का पानी उपलब्ध किया जाना है। इससे प्रतिदिन लगभग दो टीएमसीएस पानी पंप किए जाने की उम्मीद है, जिसे दूसरे शब्दों में कहें, तो इससे ओलंपिक आकार के दो लाख स्वीमिंग पुल भरे जाएंगे। आंध्र के लिए पोलावरम महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे विशाखापट्टनम, पूर्वी गोदावरी, पश्चिमी गोदावरी और कृष्णा जिलों में सिंचाई की उम्मीद है। 194 टीएमसी जलाशय क्षमता वाले व 129 फीट ऊंचाई वाले बांध को इससे भरा जाएगा। इससे 960 मेगावाट बिजली भी पैदा होने की संभावना है, जो फिलहाल निर्माणाधीन है।

जाहिर है, मेगा सिंचाई परियोजनाएं न सिर्फ तेलंगाना व आंध्र के लिए सियासी रूप से संवेदनशील हैं, बल्कि इनकी आर्थिकी के लिए भी अहम हैं। जब दो मुख्यमंत्रियों- केसीआर और जगन का इतना कुछ दांव पर है, तो स्वाभाविक ही वे चुनावी राज्य कर्नाटक के प्रति केंद्र के उदार रवैये को लेकर खफा हैं। तेलंगाना विधानसभा में बेशक यह मुद्दा उठा है, लेकिन आंध्र की राजनीति एक अव्यावहारिक स्थिति में फंसी हुई है, क्योंकि जगन और चंद्रबाबू, दोनों भाजपा को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि किसान संगठन और सामाजिक कार्यकर्ताओं का रुख विपरीत है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# युवाओं का भारत सद्भाव और बंधुता का स्वभाव न छोड़े

नंदितेश निलय, जीवन मूल्य प्रशिक्षक



भारत युवाओं का देश है। भारत की 50 प्रतिशत से अधिक आबादी 25 वर्ष से कम उम्र की है। क्या हम यह न मानें कि ऐसे भारत को हमारे युवा प्रेम, सद्भाव और बंधुत्व के जीवन मूल्य से एक समृद्ध देश बना सकते है? शायद हां, पहले चलिए इतिहास के कुछ पन्नों को पलटते हैं। 26 जनवरी, 1930 को जब पहला स्वतंत्रता दिवस मनाया गया था, भारत उत्साह से भरा हुआ था। लोगों के बीच प्यार और स्नेह को खूबसूरती से बुना गया था। बाद में 1947 में भारत के विभिन्न हिस्सों में स्वतंत्रता के प्रतीक के रूप में अपने देश का झंडा फहराया गया था और एक अद्वितीय सौहार्द का संचार हुआ था। उत्तर-पूर्वी पहाड़ी शहर शिलांग में भी चार युवाओं, हिंदू और मुस्लिम, ने आजाद भारत का झंडा फहराया। हालांकि, विभाजन ने सौहार्द और बंधुत्व पर करारा प्रहार कर दिया था। फिर भी संविधान निर्माताओं ने बंधुत्व भाव से देश में सामाजिक-बौद्धिक-आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया। सबको समान अधिकार देते हुए बंधुत्व भाव के आधार पर खड़ा हमारा देश आज भी निर्माण की प्रक्रिया में है। मुक्त राज्य के विचार का अर्थ सर्वोत्तम विचार, ज्ञान, व्यवहार, बंधुत्व, प्रेम, सौहार्द, कल्याणकारी राज्य और नागरिकता ही तो है। यही हमारे देश की विरासत रही है, जिन युवाओं ने इसे समझा है, उन्होंने देश का गौरव बढ़ाया है। फिर भी चिंता होती है, क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे युवा हैं, जो कहीं न कहीं बंधुत्व भाव से भटके हुए हैं।

किसी भी सोशल मीडिया मंच पर जाकर देखिए, लगता है, प्रेम की जगह घृणा युवाओं को जल्दी घेरती है। भाषा का बिगड़ा हुआ स्तर और अपशब्दों का इस्तेमाल बंधुता पर चोट करता है। अलग दिखने या तत्काल सबका ध्यान खींचने की होड़ में अनेक युवा जिम्मेदारी के एहसास से वंचित हो जाते हैं। अभिव्यक्ति की आजादी व अपनी ऊर्जा को सहेजने और सही दिशा में लगाने की जरूरत क्या आज के अधिसंख्य युवा महसूस नहीं कर रहे हैं? स्वाधीनता की कम समझ पल भर में किसी व्यक्ति को कुछ और ही बना देती है।

आर के नारायण के उपन्यास वेटिंग फॉर महात्मा का एक नायक बापू से मिलने और उनके समीप बैठने से हिचकिचाता है, लेकिन यह वादा जरूर करता है कि अगली मुलाकात में वह एक नया सियाराम बनकर दिखलाएगा। यहीं पर महात्मा गांधी उसे स्वाधीनता का मतलब समझाते हैं कि स्वाधीनता का तात्पर्य कुछ नया बनना नहीं होता, बल्कि इंसानियत का भाव लिए अपने आप को कुछ ज्यादा जानना होता है। मार्टिन लूथर किंग भी यह मानते रहे कि स्वाधीनता हमें जिम्मेदार बनाती है और प्रश्न नहीं, बल्कि मानवता का उत्तर बनने के लिए प्रेरित करती है। आजादी प्रश्न करती है कि आपने दूसरों के लिए क्या किया? ऊर्जावान व सफल होना इस बात पर निर्भर है कि हम किसी को ऊर्जा व सफलता के भाव से भर पाए या नहीं?

वैलेंटाइंस डे मनाने वाले हों या विरोध करने वाले, आज हर युवा को सोचना होगा कि देश-समाज को कैसे और सुंदर व मानवीय बनाया जाए? सोचना होगा, सिर्फ आभासी नहीं, वास्तविक संबंधों को बंधुता के आधार पर कैसे विकसित किया जाए? हर जगह महिला सुरक्षा के अनुकूल माहौल बनाया जाए। माता-पिता को सुनने का भाव फिर से प्रबल किया जाए और 'कस्टमर सैटिस्फेक्शन' से पहले परिवार, शिक्षक, भाई, बहन, बंधु को भी सुना और समझा जाए। इमोजी से भी दुनिया आगे जा सकती है। नमस्ते, प्रणाम, सलाम, दुआ की मांग बढ़ रही है। आज के युवा को परिवार, समाज और देश के लिए उस 'यूनिवर्सल फेलोशिप' का अनुसरण करना होगा, जिसकी झलक स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो भाषण में पेश की थी, 'सिस्टर्स ऐंड ब्रदर्स ऑफ अमेरिका' कहकर बंधुता भरी संस्कृति का आह्वान किया था।

आखिर युवा से पहले हम सब इंसान ही तो हैं और बंधुत्व का भाव ही हमें परस्पर जोड़कर रखेगा। यहां तमाम मतभेद के बावजूद गांधीजी महाकवि टैगोर को गुरुदेव कहते हैं और सुभाष चंद्र बोस बापू को राष्ट्रपिता। एक बंधुतापूर्ण देश के निर्माण के लिए ही अनेक महापुरुष अपने अहंकार से कोसों दूर इंसानियत के लिए सब कुछ न्योछावर करने में लगे थे।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# भारतीयों को मॉरीशस क्यों प्रिय

विनीत नारायण

अफ्रीकी महाद्वीप के दक्षिण-पूर्व तट से लगभग 900 किलोमीटर दूर हिंद महासागर के तट पर और मेडागास्कर के पूर्व में स्थित द्वीपीय देश मॉरीशस भारतीयों के लिए काफी आकषर्क स्थान है। अपने झील-झरनों, हरे-भरे जंगलों और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर मॉरीशस हर नवविवाहित जोड़े के लिए बरसों से हनीमून मनाने का स्थान बना हुआ है परंतु क्या आप जानते हैं कि इसके अलावा भी एक कारण है जिसके लिए मॉरीशस भारतीयों को बहुत प्रिय है।

सुंदर पर्यटक स्थल होने के कारण मॉरीशस में केवल हनीमून मनाने वाले पर्यटक ही नहीं आते, बल्कि 'टैक्स हैवन' के नाम से मशहूर इस छोटे से द्वीप पर हर उस व्यक्ति की नजर बनी रहती है, जो किसी न किसी तरह से भारत में आयकर की चोरी करना चाहता है। चूंकि भारत और मॉरीशस के बीच हुई 'दोहरे करारोपण संधि' के तहत भारतीय कंपनियां मॉरीशस की किसी कंपनी से समझौता करके भारत में एफडीआई द्वारा निवेश करवा लेती हैं। इस निवेश को निवेशकों की भाषा में 'मॉरीशस रूट' कहा जाता है। भारत में 'मॉरीशस रूट' के तहत हुए निवेश पर कोई टैक्स नहीं देना होता। ऐसा करने से ये सभी कंपनियां, जो भारत में निवेश करवाती हैं, कैपिटल गेन्स टैक्स देने से बच जाती हैं। कई वर्ष पहले इंटरनेशनल कंसोर्टियम ऑफ इनवेस्टीगेटिव जर्नलिस्ट्स (आईसीआईजे) की एक रिपोर्ट सार्वजनिक हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक भारत की कई कंपनियों ने 1982 में हुई इस संधि का दुरु पयोग किया है।

इस समझौते के मुताबिक भारतीय कंपनियों को मॉरीशस में टैक्स रेजीडेंसी की सुविधा मिल जाती है, जिस कारण वे जीरो कैपिटल गेन्स वाली श्रेणी में आ जाती थीं। जाहिर सी बात है कि 'मॉरीशस रूट' से अपना ही पैसा घुमा कर ये कंपनियां अपना निवेश वापस भारत में ले आती हैं। इसी के चलते देश को करोड़ों के टैक्स का चूना लग जाता है जबकि इस टैक्स के पैसे को देश के विकास कार्यों में लगाया जा सकता था पर ऐसा नहीं हो रहा। 'मॉरीशस रूट' हो या किसी अन्य 'टैक्स हैवन' देश से आने वाला निवेश, हमारे देश में ऐसा काफी बड़ी मात्रा में हो रहा है। देश की कई नामी कंपनियां ऐसा कई बरसों से कर रही हैं। नियमों में इस कमी का फायदा उठा कर ये लोग टैक्स चोरी कर देश में होने वाले विकास को पीछे धकेल रहे हैं। आम आदमी को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं समय पर नहीं दी जातीं तो इसके पीछे टैक्स में होने वाली चोरी ही मुख्य कारण होता है।

सरकार चाहे केंद्र की हो या राज्य की, विकास कार्यों और सरकारी कर्मचारियों के वेतन के भुगतान के लिए टैक्स पर ही निर्भर करती है। यदि टैक्स में कमी आती है तो विकास कार्यों में भी बाधा आएगी। 'मॉरीशस रूट' से आने वाले निवेश केवल एफडीआई के जरिए ही नहीं होते। उद्योगपतियों के अलावा भ्रष्ट नेता और अफसर भी इसका फायदा उठाते हैं। ये लोग भ्रष्टाचार से कमाए अपने काले धन को हवाला के जरिए विदेशों में स्थित मॉरीशस जैसे 'टैक्स हैवन' देशों में भेजते हैं। वहां पर कुछ शैल कंपनियों की मदद से उसी पैसे को कुछ चुनिंदा कंपनियों के शेयरों को मन-माने दाम पर खरीदवाते हैं।

भारत की कंपनियों के शेयरों का बढ़े हुए दाम पर बिकना शेयर मार्केट में अच्छा माना जाता है। यदि ऐसा नियमों के दायरों में हो तो यह सही होता है परंतु 'मॉरीशस रूट' से होने वाले ऐसे निवेश नियम-कानून की धज्जियां उड़ा कर होते हैं। जैसे ही किसी कंपनी के शेयर का दाम बढ़ता है, देश के भोले-भाले छोटे और मध्यम निवेशक भी मुनाफा कमाने की नीयत से इसमें निवेश करते हैं परंतु असल में उस कंपनी के शेयर की असल कीमत इससे काफी कम होती है। मिसाल के तौर पर देश के एक राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे की एक ठंडी पड़ी कंपनी के 10 रु पये प्रति शेयर को देश के एक भगोड़े ने 96,000 रु पये प्रति शेयर पर खरीदा। आरोप है कि यह अपने ही काले धन को घुमाकर किया गया। इसकी जांच के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका भी दायर की गई। कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस दे कर इसकी जांच के आदेश दिए परंतु जांच को लंबा खींचने और ढुलमुल रवैया अपनाने से इस मामले की जड़ तक नहीं पहुंचा जा सका। जाहिर है कि ऐसा होने पर लोगों का जांच एजेंसियों पर से भरोसा भी डगमगाने लगता है।

इसलिए जब भी कभी ऐसा विवाद खड़ा हो तो मामले की सघन जांच होना बहुत ही जरूरी हो जाता है। ऐसे में अपनी 'योग्यता' के लिए प्रसिद्ध देश की प्रमुख जांच एजेंसियां भी शक के घेरे में आ जाती हैं। इन एजेंसियों पर विपक्ष द्वारा लगाए गए 'गलत इस्तेमाल' के आरोप सही लगते हैं। मामला चाहे छोटे घोटाले का हो या बड़े घोटाले का, एक ही अपराध के लिए दो मापदंड कैसे हो सकते हैं?

यदि देश का आम आदमी या किसान बैंक द्वारा लिए गए ऋण चुकाने में असमर्थ होता है तो बैंक की शिकायत पर पुलिस या जांच एजेंसियां तुरंत कड़ी कार्रवाई करती हैं। उसकी दयनीय दशा की परवाह न करके कुर्की तक कर डालती हैं परंतु बड़े घोटालेबाजों के साथ ऐसी सख्ती क्यों नहीं बरती जाती? जैसा कि इस कॉलम में पहले भी लिख चुके हैं, घोटालों की जांच कर रही एजेंसियों का निष्पक्ष होना बहुत जरूरी है। एक जैसे अपराध पर, आरोपी का रुतबा देखे बिना, अगर एक सामान कार्रवाई होती है, तो जनता के बीच संदेश जाता है कि जांच एजेंसियां अपना काम स्वायत्तता और निष्पक्षता से कर रही हैं।

सिद्धांत यह होना चाहिए कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। चाहे वो किसी भी विचारधारा या राजनैतिक दल का समर्थक क्यों न हो। कानून अपना काम कानून के दायरे में ही करेगा। जरूरी है कि मॉरीशस जैसे देश के प्राकृतिक खूबसूरती के लिए जाने जाने वाले द्वीपों को पर्यटन के लिए ही जाना जाए न कि वित्तीय घोटालों में लिए जाने जाने वाले 'मॉरीशस रूट' जैसे अलंकारों के लिए।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़







# मुख्यमंत्री ने प्रदेश के प्रथम वित्त मंत्री डॉ रामचंद्र सिंहदेव की प्रतिमा का किया अनावरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज प्रदेश के प्रथम वित्त मंत्री, कोरिया कुमार के नाम से विख्यात स्वर्गीय डॉ रामचंद्र सिंहदेव की जयंती अवसर पर कोरिया जिला के मुख्यालय बैकुंठपुर के घड़ी चैक में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। आज यह चैक कोरिया कुमार को समर्पित किया गया। मुख्यमंत्री ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वर्गीय डॉ. रामचंद्र सिंहदेव को याद करते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन छत्तीसगढ़ को समर्पित रहा। उनके चिंतन के केंद्र में छत्तीसगढ़ और कोरिया हमेशा से रहा और यहां के विकास के बारे में वे हमेशा चर्चा करते रहे। वे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। बघेल ने कहा कि कोरिया कुमार डॉ. सिंहदेव ने भले ही राजपरिवार में जन्म लिया पर उन्होंने एक फक्कीर का जीवन जिया। उनका जीवन बेहद सादगीपूर्ण रहा। वे आजीवन मितव्ययी रहे। डॉ. रामचंद्र सिंहदेव सहज, सरल, मिलनसार, हंसमुख व्यक्तित्व के धनी थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह आदिवासी अपनी आवश्यकतानुसार ही प्रकृति से लेते हैं, संग्रहण करके नहीं रखते, उसी तरह कोरिया कुमार अपने जीवन में रहे। मुख्यमंत्री ने अपने पीएचई मंत्री के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उस दौरान उनके वाटर रिचार्जिंग के काम का अध्ययन करने स्वयं डॉ सिंहदेव क्षेत्र के निरीक्षण के पर पहुंचे थे। उनकी विशेषज्ञता जलप्रबंधन और सिंचाई परियोजनाओं में रही। डॉ सिंहदेव के साथ उनके पारिवारिक संबंध भी रहे। वे हमेशा बच्चों से घुल-मिल कर रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब 1967 में वे विधायक और मंत्री बने तब आधे विभाग उनके पास थे। योजना आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने उल्लेखनीय सेवायें दीं। जब छत्तीसगढ़ बना तो वे प्रदेश के पहले वित्त मंत्री बने। आज छत्तीसगढ़ की जो प्रगतिशील अर्थव्यवस्था है उसकी नींव में उनकी सोच और विचार हैं। उन्होंने वित्त मंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का जो आधार रखा, उसी पर आज छत्तीसगढ़ तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ सिंहदेव हमेशा कहते कि मुझे कुमार साहब मत कहो, अंकल कहो।

ऐसे सादगी पसंद और मिलनसार व्यक्ति का ना रहना निश्चित रूप से हम सभी के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री बघेल ने श्रम कानून बनाने और मध्यान्ह भोजन योजना में कोरिया कुमार के पिता स्वर्गीय रामानुज प्रताप सिंहदेव के योगदान का भी उल्लेख किया, जो आज पूरे देश में लागू है। उन्होंने कहा कि कोरिया कुमार का स्नेह और दुलार सदैव उनके साथ रहा।

# जन्मजात मोतियाबिंद दृष्टिहीनता मुक्त जिला बना रायगढ़

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायगढ़। प्रदेश का रायगढ़ जिला जन्मजात मोतियाबिंद दृष्टिहीनता मुक्त जिला बन गया है। रायगढ़ में जन्मजात मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए 35 बच्चों की आंख का सफल ऑपरेशन किया गया है। इनमें से तीन बच्चों की दोनों आंखों की दृष्टि लौटाई गई है। इन सभी बच्चों की उम्र दो से 15 वर्ष के बीच है। ऑपरेशन के बाद इन बच्चों की जिंदगी रोशन हो गई है।

रायपुर के डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायगढ़ के स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ जिला चिकित्सालय और भुवनेश्वर के एल.बी. प्रसाद अस्पताल में जन्मजात मोतियाबिंद से पीड़ित बच्चों का ऑपरेशन किया गया है। सामान्यत: मोतियाबिंद वयोवृद्ध लोगों में पाया जाता है, लेकिन कुछ मामलों में मोतियाबिंद की शिकायत जन्म से ही नवजात शिशु की आंखों में देखी जाती है। इलाज व समुचित परामर्श के अभाव में इन बच्चों को पूरा जीवन इस बीमारी के साथ व्यतीत करना पड़ता है। रायगढ़ जिले के सुदूर वनांचलों में भी ऐसे जन्मजात मोतियाबिंद के 35 मामले थे जिनका चिन्हांकन कर शासन द्वारा इलाज उपलब्ध कराया गया।

जन्मजात मोतियाबिंद आंख से जुड़ा एक जन्मजात विकार है, जिससे आंख से कम या धुंधला दिखाई देता है। जन्म से ही किसी बच्चे के आंख की पुतली के आगे धुंधलापन आने को जन्मजात मोतियाबिंद या कंजेनिटल कैटरेक्ट कहा जाता है। जन्मजात मोतियाबिंद एक या दोनों आंखों में हो सकता है। यदि जन्मजात मोतियाबिंद का जल्दी इलाज नहीं किया जाता है, तो आगे चलकर यह दृष्टिगत समस्याओं या अंधापन का कारण बन सकता है। जन्मजात मोतियाबिंद का समय रहते इलाज जरूरी अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी-सह-संचालक महामारी नियंत्रण, डॉ. सुभाष मिश्रा ने बताया कि यदि किसी बच्चे में जन्म से मोतियाबिन्द या फिर आंखों में सफेद झिल्ली नजर आए तो उसकी जांच यथाशीघ्र करानी चाहिए। आंखों को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिदिन सुबह उठकर एवं रात को सोते समय आंख एवं आंख के चारों ओर की त्वचा को साफ पानी से धोना चाहिए। आंखों व चेहरे को पोंछने के लिए साफ और अपने अलग तौलिए का इस्तेमाल करें। धूप और तेज रोशनी से आंखों को बचाएं और अच्छे किस्म के चश्मे का उपयोग करें।

आंखों को दुर्घटना से बचाएं। आतिशबाजी, तीर-कमान चलाने व गिल्ली-डंडा खेलते समय सावधानी बरतें। आंख में कुछ पड़ जाए तो आंख को मलना नहीं चाहिए, बल्कि साफ पानी से आंख धोकर बाहरी कण को बाहर निकालने की कोशिश करनी चाहिए। डॉ. मिश्रा ने बताया कि पुस्तक को आंखों से डेढ़ फीट की दूरी पर रखकर पढ़ना चाहिए।

## खास खबर

### सात दिवसीय कोसा एण्ड कॉटन ऑफ छत्तीसगढ़ हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन 15 को

**बालोद** । छ.ग. शासन ग्रामोद्योग विभाग, हाथकरघा प्रभाग जिला हाथकरघा कार्यालय बालोद द्वारा बुधवार 15 फरवरी को टाऊन हाल दल्ली रोड, बालोद में सात दिवसीय कोसा एण्ड कॉटन ऑफ छत्तीसगढ़ हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी सह विक्रय का आयोजन शुभारंभ किया जाएगा। सहायक संचालक हाथकरघा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में प्रदेश के उत्कृष्ट बुनकर शिल्पकारो, कारीगरों द्वारा हाथकरघा से निर्मित कलात्मक कोसा एवं सूती वस्त्रों का प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए उपलब्ध रहेगा। प्रदेश के रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा जिले के कोसा वस्त्र जिसमें कोसा साड़ी, का संग्रह लेकर बुनकर सहकारी समिति के प्रतिभागी उपस्थित होंगे।

### दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा

**नगरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देशन में सिहावा विधानसभा क्षेत्र की विधायक डॉ.लक्ष्मी ध्रुव के मार्गदर्शन में सिहावा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा के माध्यम से गांव तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र बोराई सेक्टर के ग्राम कारीपारी एवं बुडरा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलरगांव के कांग्रेसियों ने हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा कर ग्रामीण जनों से रूबरू होकर ग्रामीणों की समस्या जानी और प्रदेश की भूपेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी। ग्राम बुडेरा में पहुंचने वाली पहली विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव सिहावा विधानसभा क्षेत्र के अंतिम गांव बुडरा जहां पर कभी भी कोई निर्वाचित विधायक नहीं पहुंचा था। जहां विधायक डॉ.लक्ष्मी ध्रुव ने पहुंचकर ग्रामीण जनों का हालचाल जाना। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि डॉ.लक्ष्मी ध्रुव पहली विधायक है जो हमारी गांव में आकर हमसे भेंट मुलाकात कर हमारी समस्याओं से रूबरू हो रही है।

### स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, रोजगार के क्षेत्र में किए जा रहे हैं, बेहतर कार्य

# पर्यटन के क्षेत्र में जशपुर जिले में अपार संभावनाः भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जशपुर जिले के कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम मयाली में आयोजित युवा महोत्सव 2023 के कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जशपुर प्राकृतिक रूप से बहुत ही सुन्दर है। यहां का मौसम बहुत ही खुशनुमा है और यहां का मयाली महोत्सव इसमें चार चांद लगा रहा है। पर्यटन के क्षेत्र में भी जशपुर जिले में अपार संभावना को देखते हुए पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। यहां के प्राकृतिक सौंदर्य को देखने के लिए अब देश और विदेश के लोग भी आकर्षित हो रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने इस मौके पर जिलेवासियों को 230 करोड़ 70 लाख रूपए की लागत के अनेक विकास कार्यो की दी सौगात। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने 176.74 करोड़ रूपए के 45 कार्यों का शिलान्यास एवं 53.96 करोड़ रूपए के 45 कार्यों का लोकार्पण किया। साथ ही हितग्राही मूलक योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को पट्टा, चेक और सामग्री वितरित की। मयाली महोत्सव में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, गृह एवं लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू, लोक स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव एवं कुनकुरी विधायक यू.डी.मिंज, जशपुर विधायक विनय भगत, रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महोत्सव स्थल पर छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की जानकारी स्टॉल के माध्यम से दी जा रही है। निश्चित रूप में नई दिशा में हम सब आगे बढ़ रहे हैं। किसानों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऋण माफी और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना और लघु वनपज की खरीदी एवं वैल्यूएडिशन से आम लोगों को और किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। रोजगार के क्षेत्र में भी बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 107 लाख 53 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। 22 हजार करोड़ की राशि किसानों के खाते में सीधे भुगतान किया गया है। गोधन न्याय योजना में 100 लाख क्विंटल से अधिक गोबर खरीदी की गई है और 200 करोड़ रूपए से अधिक की राशि विक्रेताओं के खाते में दी गई है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि मजदूरों की आय बढ़ाने और रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया जा रहा है। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल से सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर उनकी भविष्य संवारा जा रहा है। भेंट-मुलाकात के दौरान जशपुर जिले को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी गई थी। जिसका लाभ अब लोगों को मिलने लगा है।

श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पुरानी खेल परम्पराओं को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। पहले महिलाएं अपने मायके में गेंड़ी, फुगड़ी एवं अन्य खेल खेलती थी, अब छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में उन्होंने ससुराल में भी परम्पारिक खेलों में अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। जिसके कारण छत्तीसगढ़िया खेलों को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने हरेली, तीजा, पोरा, आदिवासी दिवस के दिन भी अवकाश घोषित किया है। साथ ही छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परम्परा, लोक नृत्यों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव मनाया जा रहा है। अब लोक छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परम्पराओं को देश-विदेश तक जानने लगे हैं। कुनकुरी विधायक यू.डी.मिंज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन गांव, गरीब किसानों, मजदूरों, महिलाओं सभी वर्ग के हित के लिए बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री को जशपुर जिले में पर्यटन के क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्य के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022

# खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा पदक विजेता मलखंब खिलाड़ियों का स्वागत



### मलखंब खिलाड़ियों ने 06 पदक प्राप्त कर राज्य का नाम किया रोशन

### छत्तीसगढ़ को मिले 01 स्वर्ण, 01 रजत और 04 कांस्य पदक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के खलखंब खिलाड़ियों ने मध्यप्रदेश के उज्जैन में आयोजित 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022' में 6 पदक प्राप्त कर राज्य का नाम रोशन किया है। राज्य के मलखंब खिलाड़ियों ने 01 स्वर्ण, 01 रजत और 04 कांस्य पदक प्राप्त किए हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आज इन सभी पदक विजेता मलखंब खिलाड़ियों का स्वागत न्यू सर्किट हाउस में किया गया।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आज न्यू सर्किट हाउस में आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान इन खिलाड़ियों का स्वागत खेल विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्ले, सचिव नीलम नामदेव एक्का और संचालक श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने इन खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर मलखंब प्रशिक्षक मनोज सिंह के साथ पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी राकेश कुमार वरदा, मानू ध्रुव, मोनू नेताम, श्यामला, संतोष सोरी रविन्द्र तथा बालिका वर्ग में सरिता पोयाम, दुर्गेश्वरी कुमेटी, संताय पोटाई, जयंती, हिमांशी और शिक्षा दिनकर उपस्थित थी।

# मुख्यमंत्री बघेल ने कुनकुरी के मधेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना कीप्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज जशपुर जिले के कुनकुरी विकासखण्ड के मयाली नेचर पार्क के समीप स्थित ऐतिहासिक मधेश्वर महादेव मंदिर दर्शन करने पहुँचे।

### प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की



मुख्यमंत्री श्री बघेल ने मंदिर में महादेव की आरती कर क्षेत्र, प्रदेश और देश के लोगों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

श्री बघेल ने मधेश्वर पर्वत के तराई में स्थित मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गुफा का अवलोकन किया। साथ ही मंदिर निर्माण के इतिहास के सबंध में जानकारी ली। इस दौरान मंदिर परिसर में ग्रामीणों द्वारा मानस नृत्य गायन के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री बघेल का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर संसदीय सचिव व विधायक कुनकुरी श्री यू.डी. मिंज भी उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव एवं गृह व लोक निर्माण मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने भी मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# समाधान तुंहर दुआर शिविर के माध्यम से अनेक हितग्राहियों को मिला सौगात

**बालोद।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले में आयोजित की जा रही 'समाधान तुंहर दुआर' शिविर का पहला दिन अनेक हितग्राहियों के लिए सौगातों भरा रहा। इसके अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के ग्राम घुमका में आयोजित शिविर में 9 हितग्राहियों को प्राथमिकता राशनकार्ड प्रदान किया गया इसके अलावा 75 किसानों को नि:शुल्क बी-1 का वितरण किया गया। इसके साथ ही शिविर में पहुंचे अनेक आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया।






## खास खबर...

### कस्टम मिलिंग के लिए 98 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

**रायपुर।** प्रदेश में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के पश्चात् अब कस्टम मिलिंग के लिए मिलर्स द्वारा तेजी के साथ धान का उठाव किया जा रहा है। अब तक 98 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उठाव किया जा चुका है, जबकि 103 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी कर दिया गया है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में निरंतर धान का उठाव जारी है। प्रदेश के किसानो से इस वर्ष 107 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी की गई है। गौरतबल है कि मुख्यमंत्री भूपेश की पहल पर पिछले वर्ष की तर्ज पर इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव शुरू किया गया था, जिसके चलते राज्य सरकार को परिवहन व्यय में काफी कमी आयी है। इसके साथ ही धान खरीदी के बाद धान उठाव की लंबी प्रक्रिया से भी निजात मिली है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष 23 लाख 82 हजार से अधिक किसानों से 31 जनवरी 2023 तक 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। किसानों को धान खरीदी के एवज में भुगतान हेतु बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत मार्कफेड द्वारा अपैक्स बैंक को 22 हजार 67 करोड़ रूपए जारी किया गया है। अब तक कुल धान खरीदी 107.53 लाख मीट्रिक टन में से कस्टम मिलिंग के लिए 103 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 98 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उठाव कर लिया गया है।

### शान्ति सरोवर में महाशिवरात्रि महोत्सव आज से

**रायपुर (ए)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विधानसभा मार्ग स्थित शान्ति सरोवर परिसर में 14 से 21 फरवरी तक महाशिवरात्रि महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव का प्रमुख आकर्षण तीन सौ फीट लम्बी गुफा के अन्दर द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन के साथ-साथ होलोग्राम शो होगा। प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। इस अवसर पर शान्ति सरोवर में स्वर्णिम युग की झांकी, शिव दर्शन आध्यात्मिक प्रदर्शनी, 40 फीट उॅचा शिवलिंग और वेल्यू गेम्स आदि बनाए गए हैं। इसका अवलोकन करने का समय प्रतिदिन शाम 5 से रात्रि 10 बजे तक रखा गया है। इसके साथ ही महाशिवरात्रि के दिन 18 फरवरी को सुबह 8 से रात्रि 10 बजे तक दर्शन किया जा सकेगा। झांकी के अन्तर्गत परमपिता परमात्मा शिव की यादगार द्वादश ज्योतिर्लिंगों के इतिहास एवं महत्व को संगीतमय कमेन्ट्री के माध्यम से बहुत ही प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा होलोग्राम शो एवं एलसीडी प्रोजेक्टर के माध्यम से बड़े पर्दे पर द्वादश ज्योतिर्लिंग के इतिहास और महत्व की जानकारी भी लोगों को दी जाएगी।

# हाट बाजार क्लीनिक से मिल रही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों विशेषकर पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएं तेजी से पहुंच रही है। स्वास्थ्य विभाग का अमला हाट बाजार क्लीनिक के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। राज्य के ग्रामीण अंचलों में एक लाख 44 हजार 962 हाट बाजार क्लीनिक का आयोजन किया जा चुका है। इन आयोजनों में 82 लाख से अधिक मरीजों को सीधा फायदा मिला है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हाट बाजारों में आयोजित किए जा रहे क्लीनिकों में लोगों को उपचार के साथ-साथ नि:शुल्क दवाईयां और पैथोलॉजी की सुविधाएं मिल रही है। योजना के अंतर्गत राज्य में 429 डेडिकेटेड ब्रांडिंग वाहन तथा चिकित्सा दलों के माध्यम से दूरस्थ अंचलों में लोगों का इलाज किया जा रहा है।




छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशिप योजना मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना से बस्तर-सरगुजा सहित राज्य के अन्य पहुंचविहीन और दुर्गम इलाके में रहने वाले लोगों को काफी फायदा हो रहा है। जहां एक तरफ इस योजना से महिलाओं और बच्चों के पोषण में सतत् निगरानी हो रही है तो वहीं दूसरी तरफ योजना से बस्तर में मलेरिया उन्मूलन अभियान को गति मिली है। इन इलाकों में महिलाओं और बच्चों में पोषण स्तर की जांच और कुपोषण के रोकथाम के लिए भी यह योजना कारगर सिद्ध हो रही है।

मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के अंतर्गत प्रदेश में अब तक 23 लाख 13 हजार 461 लोगों के उच्च रक्तचाप, 19 लाख 88 हजार 675 लोगों की मधुमेह, छह लाख 19 हजार 015 लोगों की मलेरिया जांच, चार लाख 73 हजार 560 लोगों की रक्त-अल्पता (एनीमिया) और दो लाख 90 हजार 047 लोगों में नेत्र विकारों की जांच की गई है। इन क्लीनिकों में 58 हजार 681 लोगों की टीबी, 31 हजार 700 लोगों की कुष्ठ और 45 हजार 640 लोगों की एचआईव्ही जांच भी की गई है। इस दौरान एक लाख चार हजार 273 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच भी की गई है। हाट-बाजारों में आयोजित क्लीनिकों में दो लाख दो हजार 371 डायरिया पीड़ितों का भी उपचार किया गया है। बस्तर संभाग में अब तक 11 लाख 34 हजार 708 लोगों का इलाज किया जा चुका है।

### स्वास्थ्य टीम में होते है स्थानीय बोली के जानकार

डॉ. दानी ने बताया कि छोटी-मोटी बीमारियों और उसके टेस्ट के लिए ग्रामीणों को शहर नहीं जाना पड़ता है। चेकअप के दौरान उचित स्वास्थ्य परामर्श दिया जाता है। इसके अलावा एक एंबुलेंस की भी सुविधा है जिससे इमरजेंसी जैसी स्थिति के लिए उपयोग किया जाता है। बस्तर अंचल में लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय बोली के जानकार चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टॉफ की मदद ली जा रही है। बाजार में ही दुकान लगाने वाली कटेनार की लोदी ने बताया कि हाट-बाजार क्लीनिक का फायदा उन्हें मिल रहा है। वह बीपी का चेकअप कराने हाट-बाजार क्लीनिक में जाती हैं। दवाईयां भी उन्हें फ्री में दी जाती है। ऐसे क्षेत्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा उन्हें गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधा लोगों के घर तक पहुंच रही है।

### पखनार गांव की बदली तस्वीर

बस्तर जिले के दरभा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले पखनार गांव की तस्वीर बदल रही है। डिलमिली की पहाड़ियों पर बसा यह गांव कभी नक्सल प्रभावित था। लेकिन अब यहां सब कुछ बदल गया है। सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी मूलभूत आवश्यकताएं यहां पूरी हो रही हैं। पखनार के हाट-बाजार क्लिनिक में इलाज करने पहुंचे डॉक्टर दुलेश्वर दानी ने बताया कि इस योजना से यहां गर्भवती माताओं और शिशुओं की जांच व टीकाकरण, संक्रामक तथा असंक्रामक बीमारियों की जांच, नेत्र रोग, कुपोषण, चर्म रोग, मधुमेय, टीवी, उच्च रक्तचाप और परिवार नियोजन संबंधित सलाह दी जा रही है।

## डिजाईन एवं तकनीकी विकास शिक्षा योजना के अर्न्तगत शिल्पियों के बच्चों से आवेदन आमंत्रित

**रायपुर।** राज्य सरकार प्रदेश के शिल्प और शिल्पियों के बच्चों को डिजाइन एवं तकनीकी शिक्षा प्रदान करने विशेष पहल की है। शिल्पियो के बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए भारतीय शिल्प संस्थान जयपुर में डिजाईन एवं तकनीकी विकास शिक्षा योजना के अंतर्गत 04 वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम (बैचलर ऑफ डिजाईन) में शिक्षा प्रदान की हैं। शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिये शिल्पियों के बच्चों से डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 24 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि भारतीय शिल्प संस्थान में शिल्प डिजाईन एवं तकनीकी विकास शिक्षा में प्रवेश के लिए 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 25 वर्ष होना चाहिए। शिल्प छत्तीसगढ़ हस्त शिल्प विकास बोर्ड द्वारा डिजाईन शिक्षा पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु बच्चे के माता-पिता का 05 वर्षों का बोर्ड में पंजीयन या विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय नई दिल्ली का परिचय पत्र भी अनिवार्य हैं। शिल्प डिजाईन शिक्षा हेतु चयनित शिल्पियों के बच्चों को योजना में प्रावधानित अनुसार वित्तीय एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जावेगी।

अधिकारियों ने बताया हैं कि क्राफ्ट एवं डिजाईन शिक्षा में स्नातक पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिल्पियों को शिल्प डिजाईन में पूर्ण ज्ञान उपलब्ध कराया जाकर आत्मनिर्भर बनाना है। शिल्पियों के बच्चे अपना स्वयं का व्यवसाय करते हुये प्रदेश के अन्य शिल्पियों को अपने व्यवसाय में रोजगार दे सके। इच्छुक अभ्यर्थी हस्तशिल्प विकास बोर्ड के निर्धारित आवेदन पत्र में जानकारी भरकर जिले में स्थित छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के कार्यालय में अंतिम तिथी तक जमा कर सकते है।

आकार-2023 का आयोजन

## पारंपरिक शिल्प कलाओं पर पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज से

**रायपुर।** संस्कृति विभाग द्वारा पारंपरिक शिल्प व कलाओं के संरक्षण, प्रचार-प्रसार, जागरूकता तथा रूचि जागृत करने के लिए विविध पारंपरिक विधाओं पर प्रशिक्षण शिविर आकार 2023 का पन्द्रह दिवसीय आयोजन 14 फरवरी से 28 फरवरी तक होगा। प्रशिक्षण शिविर प्रतिदिन शाम 04 बजे से शाम 07 बजे तक महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर सिविल लाईन रायपुर में किया जाएगा।

संस्कृति विभाग के अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस प्रशिक्षण के लिए इच्छुक युवा 100 रूपये का पंजीयन शुल्क जमा कर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण शिविर में युवाओं को चित्रकला, मधुबनी, रजवार भित्ती, गोदना, क्ले आर्ट, ग्लास पेंटिग, म्यूरल आर्ट, जूट शिल्प, लोक नृत्य, बोनसाई, गोंड़ आर्ट, स्केचिंग-पटचित्र विद्याओं में प्रशिक्षण दिया जाएगा। दिव्यांग एवं अनाथ आश्रम के प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण शुल्क में छूट रहेगी। इस शिविर में वाद्ययंत्रों की प्रशिक्षण-प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जायेगा। अधिकारियों ने बताया कि संचालनालय, संस्कृति एवं पुरातत्व, महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर रायपुर के कार्यालयीन समय में संस्कृति शाखा एवं E-mail: deptt.culture@gmail.com, Website: www.cgculture.in से प्रशिक्षण शिविर संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। प्रशिक्षण पश्चात् प्रशिक्षुओं द्वारा निर्मित कलाओं को समापन दिवस के अवसर पर परिसर में प्रदर्शित किया जायेगा तथा प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा। उक्त आयोजन में कोविड-19 के दिशा निर्देशों का ध्यान रखा जाएगा। अन्य जानकारी हेतु कार्यालयीन समय में दूरभाष नम्बर 0771-2537404 पर संपर्क कर सकते हैं।

## राजीव गांधी आश्रय योजना के हितग्राहियों को मिलेगा स्थाई पट्टा

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में राजीव गांधी आश्रय योजना के संबंध में समस्त प्राधिकृत अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकारी निर्देशों का पालन करते हुए सभी पात्र हितग्राहियों को पट्टा दिलाना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने कहा कि 600 वर्ग फीट तक की जमीन पर रहने वाले लोगों को पट्टा दिया जाएगा। वर्षों से काबिज या उससे मकान बनाकर रहने वाले लोगों को 15 रूपये प्रति स्क्वायर फीट कि दर से 9 हजार विकास शुल्क देना होगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपात्र हुए आवेदनों का पुन: प्राथमिकता से परीक्षण कर ले।

कलेक्टर डॉ भुरे ने कहा कि पट्टा वितरण की कार्यवाही जल्द से जल्द की जाए तथा प्रत्येक जोनवार राजीव गांधी आश्रम पट्टा योजना के संबंध में शिविर लगाया जाए, ताकि अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ मिल सके।

उल्लेखनीय है कि पट्टा वितरण की कार्यवाही के संबंध में आज सवेरे रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर, विधायक सर्व सत्यनारायण शर्मा,कुलदीप सिंह जुनेजा ,विकास उपाध्याय एवं एमआईसी सदस्य शिवकुमार मेनन ने कलेक्टर से मुलाकात कर इस संबंध में विस्तार से चर्चा भी किया।

## कलेक्टर डॉ भुरे ने जन चौपाल के माध्यम से सुनी गई आम नागरिकों की समस्याएं

### जन चैपाल में 40 से अधिक आवेदन आए

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जन चौपाल के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी।

उन्होंने जन चैपाल के माध्यम से जिले के विभिन्न विकासखंडो के दूर-दराज से आए नागरिकों, ग्रामीणजनों, महिलाओं की समस्याओं और शिकायतों को सुना और उन आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय योजनाओं का उचित क्रियान्वयन कर योजनाओं का लाभ आम लोगों को समय पर दिलाना सुनिश्चित करे।

जन चौपाल में ग्राम पंचायत अकोली मांढर कि अर्चना वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ दिलाने, ग्राम पंचायत अकोली मांढर के ही रमेशरीन धीवर ने भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, बाबू वीर कुंवर सिंह क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ के सरोज कुमार सिंह ने संस्था के लिए सामाजिक भवन हेतु भूमि आबंटित कराने, सामाजिक कार्यक्रर्ता सुरेश कुमार दीवान ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की सूचि में ग्राम पंचायत अकोली एवं ग्राम पंचायत देवरी की सूची सही करवाने बाबत तथा शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम मोहंदी विकासखंड धरसीवां परिसर के उपर से गुजरने वाले 11 के.व्ही. तार हटवाने, ग्राम ओड़का के भागवतदास ने बंदोबस्त त्रुटी सुधार कराने, वार्ड क्र. 22 कंचनगंगा के प्रमोद साहू एवं अन्य आवेदकों ने आम निस्तारी के सरकारी/सार्वजनिक गली में अतिक्रमण हटाने के संबंध में, मोवा के सुकेश वर्मा ने खुद के जमीन में अवैध कब्जा हटवाने और सही सीमांकन रिपोर्ट दिलाने बाबत, अवंती विहार कॉलोनी रायपुर के राजेन्द्र कुमार कोहाड़े ने शा.उ.मा. विद्यालय मोवा का नामाकरण स्वंतत्रता संग्राम सेनानी स्व. व्यकंटेश राव कोहाड़े आत्मज स्व. राघव राव कोहाड़े के नाम करवाने से संबंधित आवेदन दिया।

इसी तरह थाना खरोरा अंतर्गत ग्राम बाना कि अश्वनी बाई यादव ने पति के पीएफ का पैसा दिलाने, एमबीए की छात्रा मोनिका मधुकर ने छात्रवृत्ति दिलवाने, तिल्दा ग्राम बेहराडीह के बिसहत अनंद ने परिवार को सहायता राशि दिलाने और भाठागांव के कौशल कुमार सोनकर ने 11 किलो वॉट का विद्युत तार को खेत से दुर लगाने के लिए आवेदन दिया। इसी तरह अन्य लोगों ने भी अपनी शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए।

छत्तीसगढ़ पुलिस राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू

## पुलिस लाईन, कोटा स्टेडियम, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम और रविवि ग्राउण्ड में होगा खेलों का आयोजन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा द्वारा आज राजधानी रायपुर माना पीटी एस परेड ग्राउण्ड में किया गया। तीन दिनों तक चलने वाले इस खेल प्रतियोगिता में पुलिस के 10 संभागों के 715 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर पुलिस संभागों के खिलाड़ियों के लिए इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन राज्य बनने के बाद पहली बार पुलिस विभाग के खिलाड़ियों के लिए किया जा रहा है। खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य पुलिस के रायपुर, बस्तर, दुर्ग, सरगुजा, बिलासपुर, छसबल मध्य संभाग, छसबल बिलासपुर, छसबल बस्तर, प्रशिक्षण पीटीएस माना, पीटीएस राजनांदगांव, पुलिस मुख्यालय, रेडियो, रेल एवं एपीटीएस जगदलपुर, बोरगांव और सीटीजेडब्ल्यू कांकेर सहित 10 संभागों के लगभग 715 खिलाड़ियों के आकर्षक मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर महिला और पुरूषों के लिए 100 मीटर दौड़ के आयोजन के साथ-साथ हीट तथा डॉग शो, घुड़सवारी, फेसिंग खेल का आयोजन भी किया गया।

पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने खेल प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ करते हुए कहा कि इस खेल महोत्सव से पुलिस विभाग के खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। साथ ही खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। जुनेजा ने खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा कर खिलाड़ियों को शपथ भी दिलाई। इस मौके पर समारोह में विवेकानन्द सिन्हा, (भा.पु.से.) अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, छसबल, छत्तीसगढ़ पुलिस व पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा विभिन्न संभागों के खिलाड़ी उपस्थित थे।

तीन दिवस तक चलने वाली खेल प्रतियोगिता में टीम गेम्स कबड्डी, फुटबाल, व्हालीवाल, हैण्डबाल, बास्केटबाल, हॉकी, खो-खो , रस्साखींच और एथलेटिक्स में 100 मी, 200 मी, 400 मी, 800 मी, 1500 मी, 300 मी, 5000 मी, 10000 मी, लांग जम्प, हाई जम्प, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट, जेवलिन थ्रो, ट्रिपल जम्प, गेड़ी दौड़ तथा बैण्डमिंटन, टेबल टेनिस का आयोजन पुलिस लाईन रायपुर, कोटा स्टेडियम रायपुर, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर, पं.रवि शंकर युनिवर्सिटी ग्राउण्ड में किया जावेगा।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# ये 5 हेयरस्प्रे हैं हर तरह के बालों के लिए बेहतरीन, आसान है घर पर बनाना

बाजार में मौजूद अधिकतर हेयरस्प्रे पैराबेंस, यूजेनोली, लिलियल और बेंजिल सैलिसिलेट जैसे विषाक्त रसायनों के साथ-साथ आर्टिफिशियल सुगंध से युक्त होते हैं और ऐसे हेयरस्प्रे का इस्तेमाल बालों को नुकसान पहुंचा सकता है। इसी कारण बाजार से खरीदने की बजाय खुद ही ऐसे हेयरस्प्रे बनाएं, जो आपके बालों की आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद कर सकते हैं। आइए आज हम आपको हर तरह के बालों पर इस्तेमाल किए जाने वाले पांच हेयरस्प्रे बनाने के तरीके बताते हैं।

### चीनी का हेयरस्प्रे

चीनी का हेयरस्प्रे बालों को मॉइस्चराइज करने और उन्हें टूटने से बचाने में मदद कर सकता है, वहीं इसकी शेल्फ लाइफ एक से दो महीने की होती है। हेयरस्प्रे बनाने के लिए सबसे पहले एक कप फिल्टर किए हुए पानी को उबालें, फिर इसमें दो बड़ी चम्मच चीनी मिलाएं और इसे पूरी तरह से घुलने दें। अब गैस बंद कर दें और जब मिश्रण ठंडा हो जाए तो इसे एक स्प्रे बोतल में डालकर इसका इस्तेमाल करें।

### नींबू का हेयरस्प्रे

नींबू में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं, जो बालों को पोषित करने के साथ-साथ उन्हें मजबूती देने में मदद कर सकते हैं। हेयरस्प्रे बनाने के लिए सबसे पहले दो कप पानी गर्म करें, फिर इसमें नींबू का रस और इसके छिलके डालकर उबालें। जब पानी आधा हो जाए तो गैस बंद करके मिश्रण को ठंडा होने दें। इसके बाद मिश्रण को एक चम्मच बेकिंग सोडा के साथ स्प्रे बोतल में डालें और फिर फ्रीज में स्टोर करें।

### कैस्टर ऑयल हेयरस्प्रे

कैस्टर ऑयल विटामिन- ई, ओमेगा-6 फैटी एसिड, ओमेगा-9 फैटी एसिड और केराटिन का एक बेहतरीन स्रोत है, जो बालों को गहराई से पोषण देने और बालों के विकास के साथ-साथ उनके रूखेपन को दूर करने में मदद करते हैं। हेयरस्प्रे बनाने के लिए एक कप पानी गर्म करके इसमें दो बड़ी चम्मच चीनी डालें और जब चीनी अच्छे से घुल जाए तो मिश्रण में एक चम्मच कैस्टर ऑयल डालें। इसके बाद मिश्रण को ठंडा करके स्प्रे बोतल में डालें।

### एलोवेरा का हेयरस्प्रे

फैटी एसिड, विटामिन्स, एंटी-बैक्टीरियल और हीलिंग गुणों से भरपूर एलोवेरा हेयरस्प्रे स्कैल्प को मॉइस्चराइज करने, डेड स्किन सेल्स को हटाने और बालों के विकास को बढ़ावा देने में सहायक हो सकता है। यह हेयरस्प्रे रूखे और बेजान बालों को ठीक करने में भी मददगार है। हेयरस्प्रे बनाने के लिए ताजा एलोवेरा जेल को पानी के साथ मिलाएं, फिर इसमें नारियल का तेल मिलाएं। इसके बाद मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालें और जब चाहें तब इसका इस्तेमाल करें।

### गुलाब जल हेयरस्प्रे

गुलाब जल एक हल्का एस्ट्रिंजेंट है, जिसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, इसलिए अगर आप ऑयली स्कैल्प, डैंड्रफ और खुजली से परेशान हैं तो इस हेयरस्प्रे का इस्तेमाल करना आपके लिए लाभदायक हो सकता है। हेयरस्प्रे बनाने के लिए थोड़ा ताजा गुलाब जल गर्म करें, फिर इसमें चीनी डालें और जब तक यह पूरी तरह से घुल न जाए, गैस बंद न करें। अब इस मिश्रण को ठंडा करने के बाद एक स्प्रे बोतल में डालें और जरूरत अनुसार इस्तेमाल करें।

# साइटिकाः ये है पीठ की समस्या के कारण, लक्षण और बचाव के तरीके



साइटिका शरीर में मौजूद सबसे बड़ी नस साइटिका में होने वाली परेशानी है। साइटिका नस कमर के निचले हिस्से से शुरू होकर कूल्हों से होती हुई एड़ियों तक जाती है। यही कारण है कि इसमें आने वाली समस्या आपके कमर के नीचे के पूरे भाग को प्रभावित करती है। आइए आज हम आपको इस समस्या के कारण, लक्षण और इलाज के बारे में बताते हैं ताकि समय रहते इससे बचा जा सके।

### साइटिका के कारण

साइटिका का मुख्य कारण साइटिका नस पर चोट लगना या इस पर दबाव पड़ना हो सकता है। इसके अतिरिक्त, रीढ़ के हड्डी में असंतुलन, स्पाइनल स्टेनोसिस की समस्या, पिरिफोर्मिस सिंड्रोम और पेल्विक की चोट भी इसके कारण हो सकते हैं। ट्यूमर भी इस समस्या को पैदा करने का कारण बन सकता है। आमतौर पर 30 से 50 साल की आयु के बीच इस समस्या के होने की संभावना बढ़ जाती है।

### साइटिका से जुड़े लक्षण

पीठ के निचले हिस्से में दर्द और झनझनाहट महसूस होना साइटिका की समस्या के मुख्य लक्षण हैं। मांसपेशियों में कमजोरी महसूस होना, पैरों में सुन्नपन का अहसास, उठने-बैठने में काफी परेशानी होना भी साइटिका के लक्षण हैं। किसी एक पैर में तेज दर्द होना या पैरों की उंगलियों में दर्द होना भी साइटिका के लक्षण हैं। अगर आपको ये लक्षण दिखने लगे तो डॉक्टर से संपर्क करें।


### साइटिका का कैसे पता लगाया जा सकता है?

अगर आपको खुद में साइटिका की समस्या के लक्षण दिखने लगें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें ताकि समय रहते समस्या के जोखिमों को कम किया जा सके। इसके लिए डॉक्टर आपको सीटी स्कैन और एमआरआई स्कैन कराने की सलाह दे सकते हैं। इसके अलावा साइटिका का पता लगाने के लिए डिस्कोग्राम टेस्ट या माइलोग्राम टेस्ट को भी बेहतर माना जाता है। इससे पीठ की स्थिति का पता लगाना आसान होता है।

### साइटिका का इलाज

फिजिकल थेरेपी साइटिका का इलाज हो सकता है। इसके अतिरिक्त डॉक्टर आपको कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी कराने की सलाह दे सकते हैं। अगर स्थिति गंभीर हो जाए तो डॉक्टर आपको सर्जरी करवाने को भी कह सकते हैं। इसके लिए आपके पास दो विकल्प (लम्बर लैमिनेक्टॉमी और डिस्केक्टॉमी) हो सकते हैं। हालांकि, जीवनशैली में थोड़ा सुधार करके भी इस समस्या से सुरक्षित रहा जा सकता है।

# जूनियर एनटीआर की फिल्म के लिए जान्हवी के नाम पर लगी मोहर



जान्हवी कपूर पिछली बार फिल्म मिली में दिखी थीं। यह फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर न चली हो, लेकिन जान्हवी ने अपनी शानदार अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत लिया। वह पिछले काफी समय से जूनियर एनटीआर की एक फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। अब खबर है कि उन्हें इस फिल्म के लिए साइन कर लिया गया है। जान्हवी इससे जुड़कर बेहद उत्साहित हैं। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी जानकारी भी सामने आई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म के लिए जान्हवी का नाम फाइनल हो गया है। इस फिल्म का निर्देशन दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्देशक कोराताला शिवा कर रहे हैं। वह पिछले छह महीने से इसके लिए लीड हीरोइन की तलाश कर रहे थे। कई नामों पर विचार करने के बाद अब आखिरकार उनकी यह खोज जान्हवी पर आकर खत्म हुई है। एनटीआर और जान्हवी के फोटोशूट के जरिए जल्द ही इस फिल्म का ऐलान किया जाएगा।

बता दें कि कोराताला तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में बेहद लोकप्रिय हैं। उन्होंने मिर्ची से लेकर श्रीमंथुडु, जनता गैराज, भारत अने नेनु और आचार्य जैसी कई शानदार एक्शन ड्रामा फिल्मों का निर्देशन किया है। वह दो नंदी पुरस्कार, और एक आईफा उत्सवम पुरस्कार जीत चुके हैं।

इस फिल्म से जान्हवी साउथ में पदार्पण करने वाली हैं। यह उनकी पहली दक्षिण भारतीय फिल्म है। यह फिल्म मूल रूप से तेलुगु में बन रही है। हालांकि, यह एक पैन इंडिया फिल्म होगी यानी तेलुगु के साथ तमिल, मलयालम और हिंदी समेत कई भाषाओं में रिलीज होगी। 23 फरवरी से फिल्म की शूटिंग शुरू होने वाली है। फिल्म में बॉलीवुड और साउथ के कई बड़े कलाकार नजर आएंगे। फिल्म को 2024 में रिलीज करने की योजना है।

जूनियर एनटीआर की गिनती साउथ के बड़े सितारों में होती है। आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर के बाद दुनियाभर में उनका कद बढ़ गया है। एनटीआर की वापसी का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। वह तेलुगु सिनेमा में सबसे ज्यादा मेहनताना लेने वाले सितारों में शुमार हैं। एनटीआर दो फिल्मफेयर और दो नंदी पुरस्कार जीत चुके हैं। ऐसे में जान्हवी को करियर की पहली साउथ फिल्म में एनटीआर जैसे बड़े कलाकार का साथ मिलना अपने आप में एक बड़ी बात है।

जान्हवी जल्द ही फिल्म बवाल में नजर आएंगी। इसमें उनकी जोड़ी अभिनेता वरुण धवन के साथ बनी है। फिल्म के निर्देशक नितेश तिवारी हैं। जान्हवी के खाते से निर्देशक शरण शर्मा की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही जुड़ी है। इसमें उनके साथ राजकुमार राव हैं। उन्होंने एक स्पाई थ्रिलर फिल्म भी साइन कर ली है, जिसके लिए वह प्रोडक्शन हाउस जंगली पिक्चर्स से जुड़ी हैं। इस फिल्म में जान्हवी के साथ लोकप्रिय मलयालम अभिनेता रोशन मैथ्यू नजर आने वाले हैं।

## अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर की द नाइट मैनेजर ने रिलीज से पहले रचा इतिहास

अभिनेता अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर की वेब सीरीज द नाइट मैनेजर का उनके चाहने वाले ब्रेसबी से इंतजार कर रहे हैं। इस वेब सीरीज में शोभिता धूलिपाला, तिलोत्तमा शोम, सास्वत चटर्जी और रवि बहल जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। द नाइट मैनेजर 17 फरवरी, 2023 को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर दस्तक देगी। अब द नाइट मैनेजर ने अपनी रिलीज से पहले इतिहास रच दिया है और अपने नाम एक रिकॉर्ड हासिल किया है।


द नाइट मैनेजर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा बिकने वाली किताब में शामिल होने वाला पहला भारतीय शो बन गया है। ब्रिटिश लेखक जॉन ले कार्रे की इसी नाम की पुस्तक के कवर पेज पर अनिल और आदित्य शामिल होंगे। यह पहली बार होगा जब किसी भारतीय सीरीज को इस अंतरराष्ट्रीय बेस्टसेलर किताब पर प्रदर्शित किया जाएगा। बता दें, यह सीरीज इसी नाम से बनी एक ब्रिटिश वेब सीरीज की हिंदी रीमेक होगी।

## शुरू हुई शहजादा की एडवांस बुकिंग, सामने आया नया पोस्टर

कार्तिक आर्यन की फिल्म शहजादा एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं। इस फिल्म से जुड़ा एक नया पोस्टर सामने आया है। फिल्म से इस पोस्टर में कार्तिक आर्यन के साथ-साथ कृति सेनॉन भी नजर आ रही हैं। फिल्म के इस पोस्ट को कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टग्राम हैंडल से एक मजेदार कैप्शन के साथ शेयर किया है। कार्तिक आर्यन ने इस फिल्म के पोस्टर को शेयर करते हुए लिखा, बात जब शहजादा की हो तो डिस्कशन नहीं करते, सीधा टिकट बुक करते हैं। फिल्म के इस पोस्टर को कार्तिक आर्यन के फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। इस पोस्टर में कार्तिक आर्यन और कृति का जो लुक नजर आ रहा है, वो एकदम अलग सा है।

कार्तिक आर्यन और कृति सेनॉन की फिल्म शहजादा 17 फरवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म की एडवांस बुकिंग शनिवार यानी 11 फरवरी से शुरू हो गई है। हालांकि एडवांस को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आ पाई है। लेकिन बुक माइ शो पर देखने पर पता चलता है कि शहजादा को लेकर दर्शकों में अभी कोई जल्दबाजी नहीं है। इसके मुकाबले पठान की एडवांस अभी भी अच्छी संख्या में हो रही है।

# डीडीएलजे हमारी पीढ़ी को परिभाषित करने वाली फिल्म रही हैः रणबीर कपूर



**दिग्गज फिल्मकार यश चोपड़ा पर आधारित नेटफ्लिक्स की डॉक्यूमेंट्री द रोमैंटिक्स में नजर आने वाले बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर ने कहा कि प्रतिष्ठित फिल्म दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे हमारी पीढ़ी की परिभाषित फिल्म रही है। रोमैंटिक्स में रणबीर देखेंगे, बात करेंगे कि कैसे आदित्य चोपड़ा ने सर्वकालिक ब्लॉकबस्टर दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे) का निर्देशन किया, जिसने भारतीय पॉप संस्कृति को आकार दिया।**

एक नए वीडियो में रणबीर कपूर ने कहा, डीडीएलजे हमारी पीढ़ी की परिभाषित फिल्म रही है! मैं आपको यह भी नहीं बता सकता कि मेरे अंदर अभी भी भावना जीवित है। इसने मेरे कपड़े पहनने के तरीके को प्रभावित किया। इसने मेरे एक लड़की से बात करने के तरीके को प्रभावित किया।

आमिर खान से लेकर सलमान खान, शाहरुख खान से लेकर रणबीर कपूर, अमिताभ बच्चन से लेकर रणवीर सिंह, रानी मुखर्जी से लेकर ऋतिक रोशन, कैटरीना कैफ से लेकर अनुष्का शर्मा तक, हिंदी सिनेमा के मेगा-स्टार्स और आइकन एक साथ आए हैं और यश चोपड़ा के बारे में बात की है।

द रोमैंटिक्स का निर्देशन ऑस्कर और एमी-नॉमिनेटेड फिल्म निर्माता स्मृति मूंदड़ा ने किया है, जो इंडियन मैचमेकिंग और नेवर हैव आई एवर की शानदार सफलता के बाद नेटफ्लिक्स पर वापसी कर रही हैं। चार भाग वाली इस डॉक्यू-सीरीज में फिल्म उद्योग की 35 प्रमुख हस्तियां भी शामिल होंगी, जिन्होंने वाईआरएफ के 50 साल के शानदार यात्रा के दौरान उसके साथ मिलकर काम किया है।

दिलचस्प बात यह है कि प्रतिष्ठित यशराज फिल्म्स के एकांतप्रिय प्रमुख आदित्य चोपड़ा ने द रोमैंटिक्स के लिए अपना पहला ऑन-कैमरा साक्षात्कार भी रिकॉर्ड किया है। इस डॉक्यू-सीरीज में उन्हें वाईआरएफ और हिंदी फिल्म उद्योग के बारे में बोलते हुए सुनना कुछ ऐसा है जिसे ज्यादातर लोगों ने नहीं देखा और बिरादरी के भीतर काफी उत्साह पैदा कर दिया।

# सामंथा रुथ प्रभु ने किए पलानी मुरुगन मंदिर में दर्शन, चढ़ी 600 सीढ़ियां



अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु न सिर्फ दक्षिण भारतीय, बल्कि हिंदी दर्शकों के बीच भी काफी लोकप्रिय हैं। मौजूदा वक्त में सामंथा अपनी आगामी फिल्म 'शाकुंतलम' को लेकर चर्चा में हैं, जो 14 अप्रैल, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अभिनेत्री आशीर्वाद लेने के लिए हाल ही में तमिलनाडु के प्रसिद्ध पलानी मुरुगन मंदिर पहुंची थीं। रिपोर्ट्स हैं कि इस दौरान उन्होंने 600 सीढ़ियां चढ़ीं और हर कदम पर कपूर भी जलाया।

### सामंथा का इलाज चल रहा है इलाज

सामंथा का पिछले कुछ समय से मायोसिटिस का इलाज चल रहा है। यह एक दुर्लभ ऑटोइम्यून बीमारी है। यह बैक्टीरिया और वायरस के हमारे मांसपेशियों पर हमले के कारण होती है। ऐसे में अभिनेत्री की पूरी टीम ने मास्क लगा रखा था। सामंथा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह 'शाकुंतलम' में देव मोहन राजा के साथ दिखेंगी। गुनाशेखर इसके निर्देशक हैं। इसके अलावा वह जल्द वरुण धवन के साथ 'गढ़' की शूटिंग शुरू करेंगी।

# सौंदर्या शर्मा ने स्टाइलिश पोज देकर फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर फोटो देखकर फैंस में मची सनसनी



रक्तांचल और बिग बॉस सीजन 16 फेम एक्ट्रेस सौंदर्या शर्मा अपने ग्लैमरस अंदाज से फैंस पर कहर बरपाने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनकी किलर तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। वहीं, ग्लैमर का तड़का लगाने के लिए सौंदर्या शर्मा बोल्डनेस और हॉटनेस का जलवा अक्सर दिखाती रहती हैं। सौंदर्या शर्मा स्कर्ट टॉप में काफी स्टनिंग लग रही हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। गोल्डन लुक में सौन्दर्या शर्मा अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। उनकी बोल्ड तस्वीरें फैंस पर बिजलियां गिरा रही हैं। सौंदर्या शर्मा अपने बोल्ड आउटफिट से फैंस के दिलों को धड़काए हुए हैं। साथ ही फैंस उनकी तस्वीरों को खूब प्यार देते हैं। सौंदर्या शर्मा रियल लाइफ में बहुत ही बोल्ड और स्टाइलिश हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर धमाल मचाती हैं। सौंदर्या शर्मा अपनी हॉटनेस और दिलकश अदाओं के कारण हमेशा लाइमलाइट में रहती हैं। फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। सौंदर्या शर्मा एक्ट्रेस होने के साथ पेशे से एक डेंटिस्ट भी हैं। साथ ही उन्होंने अपने एक्टिंग करियर को भी जारी रखा है। सौंदर्या शर्मा ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत फिल्म रांची डायरी से की। इसमें उनके को एक्टर हिमांश कोहली रहे। वहीं, एक्ट्रेस फेमस ओटीटी वेब सीरीज रक्तांचल में भी नजर आ चुकी हैं। जिसमें उन्हें काफी नाम और फेम मिला।

दुर्ग, सुपेला और कोहका के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# राजिम माघी पुन्नी मेला की है विशिष्ट पहचान - मंत्री डॉ. डहरिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजिम। राजिम माघी पुन्नी मेला के नौवें दिन 13 फरवरी को युवा मितान क्लब सम्मेलन में पहुंचे नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने 94 करोड़ रुपए की लागत से 3 कार्यों का भूमि पूजन और 3 करोड़ 47 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की शुरूआत छतीसगढ महतारी के छाया चित्र में दीप प्रज्वलित व पूजा अर्चना कर की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ शिवकुमार डहरिया ने कहा कि राजिम माघी पुन्नी मेला की विशिष्ट पहचान है। यह एक ऐतिहासिक स्थल है, यहां की मंदिर अद्वितीय है। जब परिवहन के उचित साधन नही थे, तब लोग बैल गाड़ी से ही आते थे। उन्होंने यहाँ की सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक मंदिर के संदर्भ में बताया। कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राम वन गमन क्षेत्र के विकास के लिए कार्य किया है। चंदखुरी, शिवरीनारायण और राजिम में भगवान श्री राम की स्थापना के लिए कार्य किये जा रहे हैं।**





भगवान श्री राम के आशीर्वाद से राज्य तेजी से विकास कर रहा है। सरकार राज्य के विकास के लिए अनेक कार्य कर रही हैं। विकास कार्यों के लिए पैसों की कमी नही होगी। राज्य के नवनिर्माण का काम हो रहा है। हर वर्ग का विकास हो रहा है। शासन की योजना का लाभ समाज के लोगो को मिल रहा है। मंत्री डॉ. डहरिया ने कहा कि न्याय योजना का लाभ सबको मिल रहा है। किसानों को मार्च माह तक आखिरी किश्त मिल जाएगी। आज सरकार भूमिहीन परिवार को भी राशि मिल रही है।

राज्य की युवा प्रतिभाओं को तरासने, उन्हें संगठित करते हुए युवा मितान क्लब के गठन हर पंचायत में किया जा रहा है। सरकार युवाओं के बारे में काम कर रही है। राज्य की संस्कृति और खेल को उभार रहे हैं। इसके लिए सरकार ने 19 करोड़ 83 लाख रुपए का बजट उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री आज भेंट मुलाकात के माध्यम से जनता से सीधे संवाद कर रही है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर दे रहे हैं। शिक्षा के लिए शिक्षकों की भर्ती कर रहे हैं। भर्ती प्रक्रिया ने स्थानीय लोगो को प्राथमिकता दे रहे हैं। शासन के योजना का लाभ आम जनता को मिल रहा है।

### राजिम में बस स्टैंड निर्माण के लिए 2 करोड़ की घोषणा

मंत्री डॉ डहरिया ने राजिम में नया बस स्टैंड निर्माण के लिए 2 करोड़ की घोषणा की। मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत 100 दुकान बनाएं जाएंगे। छुरा में मंगल भवन के लिए 50 लाख, फिंगेश्वर के गणेशपुर में सामुदायिक भवन के लिये 15 लाख, स्कूल में शेड निर्माण के लिए 15 लाख, फिंगेश्वर में मितानिन भवन के लिए 15 लाख, राजिम वार्ड 14 में मुक्ति धाम के लिए 15 लाख एवं वार्ड 15 में तालाब सौंदर्यकरण निर्माण के लिए 25 लाख देने की घोषणा की गई।

सम्मेलन को नगर पंचायत अध्यक्ष राजिम श्रीमती रेखा सोनकर ने राजिम पुन्नी मेला का आयोजन की सराहना की। उन्होने जिला प्रशासन को बधाई देते हुए कहा कि सबके प्रयास से राजिम मेला का आयोजन में नयापन दिख रहा है। नगर पालिका परिषद गोबरा नयापारा अध्यक्ष श्री धनराज मध्यानी ने कहा कि विगत चार वर्षों में सरकार ने हर वर्ग के लिए कार्य किया है। लगातार चार साल से स्वच्छता पुरस्कार प्राप्त हो रहा है। यह कार्य केवल मुख्यमंत्री की सोच से ही सम्भव हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने युवाओ की सोच को आगे बढ़ाने के लिए फंड और सहयोग दे रही है। श्री भावसिंह साहू ने कहा कि क्लब के माध्यम से स्थानीय खेल और संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा समाज के हर वर्ग के लिए कार्य किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्यअतिथि मंत्री डॉ. डहरिया ने श्रम विभाग अंतर्गत असंगठित प्रसूति सहायता योजना अंतर्गत 2 हितग्राहियों को 20-20 हजार का चेक वितरण, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना अंतर्गत 440 हितग्राहियों को 20 हजार के मान से 88 लाख रुपए का चेक वितरित किया। मिनीमाता महतारी जतन योजनांतर्गत 19 हितग्राहियों को 3 लाख 80 हजार रुपये का चेक तथा 652 नौनिहाल छात्रवृत्ति विद्यार्थियों को 13 लाख 75 हजार 500 रुपये का चेक वितरित किया गया। इस अवसर पर फिंगेश्वर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा साहू, जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू, मधुबाला रात्रे, नगर पालिका गरियाबंद अध्यक्ष गफ्फू मेमन, विधायक अभनपुर के प्रतिनिधि यशवंत साहू, नपा उपाध्यक्ष चतुर जगत, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रेखा साहू, जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू, सोसायटी अध्यक्ष विकास तिवारी, आंनद मतवाले, सुरेन्द्र राम टेके, हेमंत सांग, श्रीमती पद्मा दुबे, प्रीति पाण्डेय, धनेश्वरी वर्मा, संध्या राव, मनीषा शर्मा, जगदीश यदु, खोमन चन्द्राकर, सुघरमल आड़े, मुन्ना कुर्रे, सहदेव बंजारे, मंगराज सोनकर, रेवा ओगरे, कुलेश्वर साहू, पुष्पा गोस्वामी, खुशी साहू स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, कलेक्टर प्रभात मलिक, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई एवं बड़ी संख्या में मितान क्लब के सदस्य मौजूद थे।

## शासकीय स्टॉल में मिल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी अनुदान ही किसानों के आर्थिक विकास का रास्ता



राजिम माघी पुन्नी मेला में विभिन्न विभागों के शासकीय स्टॉल लगा हुआ है। जिसमें मेलार्थी जाकर शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे है। मेले में कृषि, उद्यानिकी, पशुधन विकास एवं मछली पालन विभाग गरियाबंद द्वारा स्टॉल लगाया गया है। इस प्रदर्शनी में लगे मॉडल को देखकर विशेष रूप से किसान स्टॉल में पहुंचकर जानकारी ले रहे है और वहां उपस्थित अधिकारियों से इन पर मिलने वाली अनुदानों के बारे में चर्चा भी कर रहे है। क्योंकि गांव में साहूकारों से ऋण लेने पर ऋण बढ़ता जाता है और किसान उसे चुकाने में सक्षम नहीं हो पाते। इसलिए हितग्राही अनुदान हेतु आवश्यक दस्तावेज की जानकारी ले रहे है जिससे किसान अनुदान प्राप्त कर अपने कृषि उद्यानिकी, पशु एवं मछली पालन कर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकता है और प्रगति कर सके। छत्तीसगढ़ प्रशासन द्वारा मेला में ऐसे स्टॉल लगाना तारीफे काबिल है जिसके कारण मेले में लगे स्टॉल में सभी जानकारी मिल जाती है लोगों को भटकने की जरूरत नहीं पड़ती। कृषि विभाग के स्टाल में विभाग के द्वारा किसानों को मिलने वाली लाभ की जानकारी प्रदान की जा रही है लेकिन इसके अलावा स्टाल में प्रदर्शित किया गया गरियाबंद जिले के प्रसिद्ध वाटरफॉल चिंगरा पगार का प्रदर्शनी भी लगाया गया है, जो लोगों को काफी लुभा रहा है। विदित हो कि जिले में चिंगरा पगार बरसात के दिनों में अपने पूरे शबाब पर रहता है और लोगों की भीड़ स्वमेव इस मनमोहक नजारा को देखने के लिए खींची चली जाती है जो आकर्षक का केंद्र भी बना रहता है। इसके अलावा जतमई घटारानी में भी वाटरफॉल का जबरदस्त नजारा रहता है। कृषि विभाग ने पहली बार इसे प्रदर्शनी में शामिल कर यहां दूरदराज से पहुंचने वाले लोगों को इसकी विस्तृत जानकारी दे रहे हैं। कई लोग कौतूहल वॉच प्रदर्शनी को देखकर जानकारी भी ले रहे है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के में एक अमृत सरोवर का भी निर्माण किया गया है। जिसके बारे में जिला पंचायत के इंजीनियर जितेन्द्र पाठक ने बताया कि हर जिले में 75 तालाबों का उन्नयन करके उन्हें स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के नाम दिया जायेगा। ये आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत किया जा रहा है। इन तालाबों में चारों ओर लाईट, बैठने का स्थान और घुमने की व्यवस्था होगी। इसी प्रदर्शनी में जैविक खेती, आदर्शग्राम, गौठान का मॉडल में लगाया गया है। जिसका अवलोकन कर लोग आनंदित हो रहे है।

### अनुराग शर्मा की शानदार प्रस्तुति समा बांधा

## छुनुर-छुनुर पैरी बाजे रे गोरी... गीत में जमकर झूमे दर्शक



**राजिम।** माघी पुन्नी मेला में आठवें दिन रविवार को जनसैलाब उमड़ पड़ा। लोग दिनभर मेला घुमते रहे वहीं शाम होते ही मुख्यमंच की ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने पहुंचे। रविवार को नाईट स्टॉर अनुराग शर्मा की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। अनुराग शर्मा ने भक्ति गीत से कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद एक से बढ़कर एक छत्तीसगढ़ और हिन्दी गीतों की प्रस्तुति से समा बांध दिया। तोर सुरता मा रे मयारू मोला नींद नहीं आवे रे.... तोर माटी माथ के चंदन अमृत हे पानी...., मेरे देश की धरती सोना उगले उगले हीरे मोती..., न धरती म हे कोनों न कोनों आकाश म... गीतों को सुनकर दर्शक काफी रोमांचित हुए। लम्बे समय से सभी की जुबान में रहने वाली गीत छुनुर-छुनुर पैरी बाजे रे गोरी.. गीत सुनते ही दर्शक अपने जगह पर झमने लगे। का जादू डारे मोला...., तोर मया म मयारू...., इसी के साथ कुलेश्वर महादेव को मनाते हुए महादेवा तेरे डमरू डम-डम बाजे..., छम-छम बाजे पांव के पैरी...., ये गुजरने वाली हवा बता... इन गीतों ने आज ऐसी जादू छेड़ी जिसे सुनकर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। अनुराग शर्मा के एक से बढ़कर एक प्रस्तुति ने दर्शकों खूब आनंदित किया। मुख्यमंच पर कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति लोक रंजनी के कलाकार डॉ. पुरूषोत्तम चन्द्राकर ने छत्तीसगढ़ी परम्परा को मंच पर गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया। उनकी पहली प्रस्तुति सरस्वती वंदना के साथ की। अगले क्रम में सुवा, पथी, ददरिया, कर्मा नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। मंच पर काय-काय धरे हस...., आगे तुहर गांव...., जीवरा धड़क जाये... लोक रंजनी का ऐसा गीत था जिसे सुनकर सब ताली बजाकर उस गीत का स्वागत किया। मंच पर हस्य व्यंग्य कवि सम्मेलन भी हुआ। जिसमे रामानंद त्रिपाठी, पद्मलोचन शर्मा, गजराज दास महंत, शशिभूषण स्नेही, निशा आनंद तिवारी सहित अनेक कवियों ने हस्य कवि प्रस्तुति कर दर्शकों का मनोरजंन किया। कलाकरों का सम्मान केन्द्रीय समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। मंच का संचालन निरंजन साहू द्वारा किया गया।

## त्रिवेणी संगम में नदी की रेत से शिवलिंग बनाने की सदियों से परंपरा



**राजिम।** माघी पुन्नी मेला में सोमवार को त्रिवेणी संगम में स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने नदी की रेत से शिवलिंग बनाकर जलाभिषेक किया। बिल्वपत्र, धतुरा, केशरईया, कनेर के साथ ही दूध, दही, घी, मिश्री, शक्कर, शहद, सुगंधित तेल, चंदन, गंगाजल समर्पित किया गया। आरती उतारी गई तथा अर्ध परिक्रमा किया गया। पश्चात मंदिरों में पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक किये गये। किंवदंति के अनुसार वनवास काल के दौरान दशरथ पुत्र रामचन्द्र देवी सीता के साथ महर्षि लोमश से मिलने पैदल चलते हुए नदी मार्ग से पहुंचे थे। चर्तुमास व्यतीत कर यहां उपस्थित राक्षसों का समूल नाश किया। इस दौरान देवी सीता संगम नदी में स्नान कर शिव के अराधना के लिए रेत से शिवलिंग बनाकर जलाभिषेक किया। जैसे ही उन्होने जल डाला पांच ओर से धारा फूट गया और उसी दिन से शिवलिंग का नाम पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव नाम पड़ा। जानकारी के मुताबिक ऐसा शिवलिंग विश्व में कहीं और नहीं मिलता इसे विरले शिवलिंग के श्रेणी में रखा गया।

**सौ बिल्वपत्र के बदले मिला सौ पुत्र** : श्रीमद्राजीलोचनमहातम्य ग्रंथ के अनुसार राजा का उम्र बीतता चला जा रहा था। पुत्र की आकांक्षा से अनेक धार्मिक अनुष्ठान किये। व्रत, उपवास, दान,स्नान इत्यादि कृत्य के बाद भी मनोकामना पूर्ण नहीं हुई। थक हारकर राजा बैठ गये। एकाएक एक ब्रम्हऋषि से मुलाकात हुए। उन्होंने दण्डकारण्य स्थित त्रिवेणी संगम के मध्य में विराजमान कुलेश्वरनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन की बात कहीं। उनके कहे अनुसार पति-पत्नि तीन नदी के संगम पर स्नान किये तथा पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव के जलाभिषेक पश्चात् 100 बिल्वपत्र चढ़ाये। जिसके कारण उन्हें सौ पुत्रों की प्राप्ति हुई।

# राजिम मेला घूमने पहुंच रही लोगों की भीड़, पूछने पर बताया पुन्नी मेला में आकर अभिभूत हो गए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजिम। माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि 14 दिनों तक चलने वाले प्रदेश का ऐतिहासिक धार्मिक और सांस्कृतिक मेले में आकर दर्शनार्थी अभिभूत हो रहे है। इस मेले में दूरदराज से आये दर्शनार्थियों से जब राजिम में आयोजित इस मेले के संदर्भ में उनकी राय जानना चाही तो उन्होंने बहुत ही प्रसन्नता के साथ अपने अनुभव साझा किये।**



ग्राम परसट्ठी से सपत्निक पहुंचे युवराज साहू ने बताया कि वे प्रतिवर्ष राजिम मेंले में आयोजित पुण्य स्नान के लिए आते है और हर बार उन्हें नया अनुभव की अनुभूति होती है। इस बार राजिम के मुख्य मंच के पास भगवान श्री राम की विशालकाय मूर्ति को देखकर मन अभिभूत हो गए। इसी प्रकार भिलाई से पहुंचे रवि प्रकाश एवं बिलासपुर कोटा से आए अनिल कुमार ने अपना अनुभव बांटते हुए बताया कि इस बार राजिम मेला में आकर काफी प्रसन्नता हो रही है। जिस प्रकार से राजिम का सौन्दर्यकरण हुआ है यकीनन इससे राजिम की भव्यता और गरिमा में अभूतपूर्व इजाफा हुआ है। तौरेंगा से पहुंचे नागेश तिवारी ने बताया कि राजिम अभी तक तीन नदियों के संगम के नाम से जाना जाता था लेकिन इस आयोजन के बाद अब संगम के तट पर धार्मिक, सांस्कृतिक एवं श्रध्दा और आस्था का अद्भुत संगम भी देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ की लोक परम्परा और कला सांस्कृति को एक ही मंच पर देखने को मिल रहा है। भलेरा से पहुंचे रोशन साहू ने बताया कि राजिम पहुंचकर जो आध्यात्मिक शांति की अनुभूति होती है वह एहसास और कहीं के धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर मैने महसूस नहीं की है। मेरो परिवार सालभर तक राजिम के पुन्नी मेला का बेसब्री से इंतजार करते है। इतना ही नहीं राजिम के इस मेले में प्रदेशभर के दर्शनार्थियों के द्वारा देश-विदेश के लोग भी राजिम पहुंच रहे है। अब तक राजिम के इस पुन्नी मेले में कनाडा, आस्ट्रेलिया, आस्ट्रिया, मलेशिया सहित कई देशों के विदेशी पर्यटक भी राजिम पहुंचकर छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति से रूबरू होकर परिचित हो रहें है। उन्होंने अपनी टूटी-फूटी हिन्दी में बताया कि ग्रेट इंडिया का ग्रेट राजिम। उन्होंने मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद उठाया और कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति बहुत ही रिच और स्ट्रांग है इसी कारण भारत महान है। राजिम पुन्नी मेला में बनायी गयी भगवान राम की विशाल मूर्ति मुख्य आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। लोग मंदिरों के दर्शन के बाद भगवान राम के इस विशाल मूर्ति के पास बैठकर सुकून के दो पल गुजार ने का कोई मौका नहीं छोडना चाह रहे है। युवा वर्ग में इस मूर्ति के पास सेल्फी लेने की होड़ मची हुई है।


Y Fitness
start 17500/-
Bajaj Finance Available
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### वंदे भारत एक्सप्रेस फिर हुई हादसे का शिकार, भिलाई के इस क्रासिंग पर हुआ हादसा

**भिलाई।** देश की सबसे तेज गति से चलने वाली है वंदे भारत ट्रेन एक बार फिर हादसे का शिकार हो गई। नागपुर से बिलासपुर की के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस भिलाई 3 रेलवे स्टेशन से छूट कर अपनी पूरी गति के साथ रायपुर की ओर आगे बढ़ रही थी, तभी सिरसा रेलवे क्रॉसिंग के पास अचानक ट्रेन के सामने गाय आ गई। गाय के आते ही वंदे भारत एक्सप्रेस का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। गाय की मौके पर ही तत्काल मौत हो गई। जिसके चलते 5 मिनट के बाद ट्रेन तत्काल वहां से रवाना हो गई। फिलहाल जीआरपी की टीम ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू की गई।

### बेटे और भाई की मौत के गम में डूबी महिला ने की खुदकुशी

**रायगढ़ ( ए )।** जवान बेटे के बाद भाई की असमय मौत के गम में एक महिला इस कदर डूबी कि उसने जहर पीकर अपनी जान गंवा दी। यह दुखद प्रसंग लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में सहायक उपनिरीक्षक चंदन सिंह नेताम ने बताया कि लैलूंगा से लगभग 12 किलोमीटर दूर ग्राम हीरापुर निवासी गोविंद राम मांझी की 50 वर्षीया पत्नी मंगलासो बाई विगत शनिवार कीटनाशक दवा पी गई। जहर का असर होने पर महिला की हालत बिगड़ी तो बदहवास परिजन उसे समीपस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए, जहां सघन उपचार के बावजूद दूसरे रोज यानी रविवार को उसने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को अंतिम संस्कार के लिए माझी परिवार को सौंपते हुए उनका बयान कलमबंद किया तो खुदकुशी की असलियत सामने आ गई।

दरअसल 3-4 महीने पहले जवान बेटे की असामयिक मृत्यु के सदमे से मंगलासो बाई काफी उदास रहती थी। वहीं 15 रोज पूर्व भाई के निधन से महिला शोक के महासागर में डूब गई थी। भाई के दशकर्म कार्यक्रम से वापसी के बाद मंगलासो बाई कहती भी थी कि बेटे और भाई की मौत ने उसे तोड़कर रख दिया है और वह जीना नहीं चाहती। ऐसे में माना जा रहा है कि परिजनों से ताउम्र जुदाई की पीड़ा असहनीय लगने पर विवाहिता ने ऐसा आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल मृतिका के पति गोविंद माझी की सूचना पर लैलूंगा पुलिस मर्ग कायम करते हुए छानबीन कर रही है।

### गर्भवती ने पीया जहर, अजन्मे बच्चे सहित दोनों की मौत

**रायगढ़ ( ए )।** एक शिक्षक की गर्भवती पत्नी ने संदिग्ध परिस्थितियों में विषपान कर दुनिया को अलविदा कह दिया। वहीं मां की कोख में पल रहे अजन्मे बच्चे का भी करुणान्त हो गया। यह दुखद मामला घरघोड़ा का है।

घटना की विवेचना कर रहे सहायक उपनिरीक्षक रामसजीवन वर्मा ने बताया कि घरघोड़ा के वार्ड नंबर 14 में रहने वाला सुखसिंह पैकरा शासकीय शिक्षक है। उसकी 32 वर्षीया बीवी तिलो बाई के गर्भ में 9 महीने का शिशु पल रहा था और 27 फरवरी को डिलवरी डेट थी। ऐसे में गर्भवती महिला की देखभाल के लिए उसकी बहन भी मायके से आई थी। विगत शनिवार रात अपने पति और बहन के साथ खाना खाने के बाद तिलो बाई सो गई। देर रात तकरीबन पौने 12 बजे गर्भवती महिला की अचानक तबीयत बिगड़ने पर सुखसिंह मोटर सायकिल से उसे नजदीकी सिविल हॉस्पिटल भी लेकर गया, जहां उपचार के दौरान उसकी जिंदगी खत्म हो गई। साथ ही उसके कोख में पल रहे अजन्मे बच्चे की भी सांसें थम गई। महिला की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई, इसलिए डॉक्टर्स को शक है कि उसने जहर सेवन कर अपनी जान गंवाई है। सच जानने के लिए पोस्टमार्टम भी कराया गया है और पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही सच का खुलासा हो पाएगा।

## दुर्ग के आदर्श नगर में चोरी का खुलासा

# एसपी पल्लव की पूछताछ में आरोपी के निकल गए आंसू, सवा दो करोड़ का माल बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** पदमनाभपुर क्षेत्र के आदर्श नगर में हुई चोरी का दुर्ग पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस की टीम ने 5000 किमी तक पीछा कर शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दुर्ग में टोपी चश्मा का व्यापारी बताकर किराए का मकान लिया था। शातिर आरोपी दिन में रेकी करता और रात में चोरी की घटना को अंजाम देता था। पुलिस ने इस मामले में मिनीमाता नगर कलमना नागपुर महाराष्ट्र निवासी आरोपी अक्षय भैसारे को गोवा से गिरफ्तार किया। आज सेक्टर-6 पुलिस कंट्रोल रूम में एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने मामले का खुलासा किया। इस दौरान जब एसपी ने चोर की क्लास ली तो उसके आंसू निकल गए।



बता दें 7 फरवरी 2023 को पंकज राठी निवासी आदर्श नगर दुर्ग ने चौकी पदमनाभपुर थाना दुर्ग में रिपोर्ट दर्ज कराई की 5 फरवरी को घर ताला बंद करके रिश्तेदार के घर विवाह समारोह में गए थे। 6 फरवरी को रात्रि 12 बजे घर वापस आकर देखा तो कोई अज्ञात व्यक्ति मेन गेट के लोहे का दरवाजा खोलकर घर के गेट का ताला तोड़कर आलमारी का लॉक तोड़कर आलमारी में रखे मां, भाभी एवं पत्नि के सोने के आभूषण करीब 200 तोला एवं चांदी का बर्तन एवं सिल्ली तकरीबन 15 किलोग्राम एवं नगदी रकम करीबन 10 लाख रूपए को चोरी कर ले गया है। इस मामले में धारा 457,380 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

एसपी डॉ अभिषेक पल्लव के निर्देश पर टीम द्वारा संदेहियों पर निगाह रखी जा रही थी। इस दौरान आसपास के मार्गों में लगे सीसीटीवी फुटेज जांचे गए। जिसमें एक संदेही का फुटेज घटना के समय पर मिला। फुटेज के आधार पर उस संदेही के घटना स्थल आवागमन के समय अनुसार लगातार मार्गों पर लगे सीसीटीबी के माध्यम से अवलोकन करते हुये पीछा किया गया जो कि ग्रीन चौक मोहन नगर दुर्ग तक निरतंर दिखाई देता रहा। फुटेज व सूत्रों के आधार पर आरोपी की पहचान अक्षय ईरानी हाल निवासी तितुरडीह के रूप में हुई।

आरोपी की पहचान होने के बाद उसकी तलाश शुरू की गई जिसमें उसका लोकेशन मुंबई व गोवा के आसपास का मिला। इसके लिए सीएसपी वैभव बैंकर के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम गठित कर अधिग्रहित वाहनों में मुंबई एवं गोवा रवाना किया गया। टीम द्वारा लगातार आरोपी की उपस्थिति की जानकारी ली गई। गोवा के एन्जुना बीच के पास आरोपी के होने की पुख्ता जानकारी मिली। इसके बाद टीम ने घेराबंदी का आरोपी को दबोच लिया।

आरोपी से पूछताछ करने पर उक्त घटना के साथ ही विगत 1 वर्ष के दौरान जिले के अन्य क्षेत्रों में भी नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया गया। विस्तृत पूछताछ करने पर आरोपी के द्वारा करीब 01 सप्ताह पूर्व आदर्श नगर दुर्ग में अपनी मैस्ट्रो दुपहिया वाहन से रेकी करने के बाद एक सूने मकान के दरवाजे का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम को चोरी करने के बाद सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी चुराना स्वीकार किया। चोरी का सारा मशरुका अपने ससुराल भाठापारा के घर की बाड़ी में जमीन में गड्डा खोदकर छिपा दिया और नगदी रकम को तकिया के अंदर भरकर सिलाई कर दिया था। आरोपी के बताए अनुसार पुलिस ने सारा मशरुका बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के पास से 2.25 करोड़ रुपए की चोरी गई मशरूका शत् प्रतिशत बरामद किया है।

### नागपुर व महाराष्ट्र के अलग अलग थानों में 41 मामले दर्ज

आरोपी अक्षय भैसारे के खिलाफ नागपुर महाराष्ट्र के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी नकबजनी, लूट, डकैती के प्रयास एवं एक्सटॉर्सन के तकरीबन 41 आपराधिक मामलें दर्ज है। आरोपी पूर्व में अपने पड़ोस में ही रहने वाली किसी ईरानी युवती से प्रेम विवाह कर युवती के साथ छत्तीसगढ़ आ गया था जो कि पिछले 01 साल से केलाबाड़ी, भाठापारा एवं तितुरडीह दुर्ग में अपनी पत्नि के साथ निवास कर रहा था। आस-पास के लोगो को टोपी चश्मा बेचने का व्यवसाय करने की बात बताता था जबकि वास्तविकता में वह दिनभर घूमते रहता व रात में चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। आरोपी के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त होने के उपरांत तकनीकी आधार पर आरोपी की उपस्थिति पता करने पर मुंबई व गोवा में होना पता चला जिसके आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया।

## करोड़ों की चोरी को पकड़ने वाली दुर्ग पुलिस की टीम को आईजी देंगे 25 हजार का ईनाम



**दुर्ग।** पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल के रिश्तेदार पंकज राठी के घर हुई चोरी के मामले में दुर्ग पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। करीब 6 दिन पहले हुई इस चोरी में पुलिस 1 आरोपी को गोवा से गिरफ्तार किया है। दुर्ग में चोरी कर आरोपी गोवा में अय्यासी कर रहे थे। खासबात यह है कि इस चोरी का मास्टर माइंड नागपुर जेल में 12 साल की सजा काट चुका है। पुलिस ने इनके पास से करोड़ों के माल की रिकवरी की है। दुर्ग एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि इस पुरे मामले में लगी टीम को आईजी डॉक्टर आनंद छाबड़ा ने 25 हज़ार रूपए का ईनाम देने की घोषणा की है।

### दुर्ग में विधायक बृजमोहन अग्रवाल के रिश्तेदार के घर पर चोरी

बता दें आदर्श नगर दुर्ग निवासी पंकज राठी के घर 6 फरवरी को चोरी हुई। पंकज राठी, पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल के रिश्तेदार हैं। वे 5 फरवरी बृजमोहन अग्रवाल की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए रायपुर गए थे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद सोमवार की रात को वापस लौटे तो उन्हें अपने घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो आलमारियां भी खुली हुई थी। सारा सामान बिखरा हुआ था। चेक करने पर आलमारी में रखे 10 लाख रुपये नकद, डेढ़ किलो सोने के जेवर और 15 किलो चांदी के जेवर नहीं थे। इस मामले में पद्मनाभपुर चौकी में अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की गई थी।

इस मामले में अब तक मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों से पुलिस ने 100 फीसदी रिकवरी की है। पुलिस ने 3 किलो सोना, 15 किलो से ज्यादा चांदी और 6 लाख कैश बरामद किया है। चोरी के मास्टर माइंड से दुर्ग व आसपास के क्षेत्र में और भी चोरियों का खुलासा हो सकता है। अनुमान है कि इन चोरों ने 40 से ज्यादा चोरियां की हैं और दुर्ग भिलाई में 4-5 चोरियों में इनकी भूमिका है। इस मामले में रिकॉर्ड टाइम में एएसपी संजय घ्रुव, सीएसपी दुर्ग वैभव बैंकर, एसीसीयू प्रभारी संतोष मिश्रा, पद्मनाभपुर प्रभारी राजीव की टीम ने चोरों को पकड़ा है।



### एलपीजी गैस से भरे कैप्सूल ट्रक और मालवाहक वाहन के बीच भीषण टक्कर, ड्राइवर की मौत

**रायपुर ( ए )।** राजधानी के नवागांव के मंदिर हसौद थाना इलाके में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक ड्राइवर की मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद मौके भारी भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार एलपीजी गैस से भरे कैप्सूल ट्रक और मालवाहक वाहन में भीषण भिड़त हो गई। जिसमें मालवाहक वाहन के ड्राइवर की मौके पर मौत हो गई। मालवाहक का ड्राइवर गाड़ी में फंसा हुआ है। वहीं हादसे की सूचना पर फायर ब्रिगेड और पुलिस का अमला घटनास्थल पर पहुंचा और ड्राइवर को निकाला गया।

मंदिरहसौद थाना क्षेत्र के नवागांव आरआइटी कॉलेज के सामने कंटेनर ने ओवरटेक के चक्कर में पिकअप को टक्कर मार दी। हादसे में संकरी पलारी निवासी अनिल डहरिया की मौके पर ही मौत हो गई। पनगांव बलौदाबाजार निवासी ड्राइवर बलराम सोनवानी घायल है। घटना की जानकारी मिलते ही मंदिरहसौद थाना प्रभारी वीरेंद्र चंद्रा तुरंत टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ठोकर खाकर पलटने के वजह से पिकअप का ड्राइवर फंस गया था। तत्काल क्रेन बुलाकर पुलिस ने घायल ड्राइवर को बाहर निकाला। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# गूगल पर कस्टमर केयर नंबर सर्च कर किया कॉल, ठगों ने कर दिया खेल, रायपुर के चार लोगों से 19 लाख की ठगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जालसाजी करने वाले रोज नए तरीके इजाद कर लेते है। डिजिटल दुनिया में लोग ऑनलाइन होने वाले काम के आदी हो चुके हैं और इसका ठग बखूबी फायदा भी उठा रहे हैं। जालसाजों ने अब गूगल को भी नहीं छोड़ा है। गूगल कस्टमर केयर के नाम पर लोगों से ठगी की जा रही है। राजधानी रायपुर में ऐसे चार अलग अलग मामले सामने आए जिसमें ठगों ने 19 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी की। पुलिस के पास पहुंच रही लगातार शिकायतों के बाद रायपुर पुलिस ने इस मामले में जामताड़ा के पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

दरअसल रायपुर के अलग अलग थानों में पुलिस को गूगल पर कस्टमर केयर नंबर सर्च करने के बाद ठगी की शिकायतें मिल रही थी। सुदर्शन जैन नाम के शख्स ने बैंक में अपना रजिस्टर नंबर बदलने के लिए कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया। इसके बाद जो नंबर मिला उस पर कॉल करने पर कॉलर ने पे पे सपोर्ट नाम का ऐप डाउनलोड करने कहा। एप डाउनलोड करने के बाद इनके खाते से 14 लाख निकाल लिए गए। इसी प्रकार पंडरी के कारोबारी सुभाष जैन के खाते से भी इसी प्रकार कस्टमर केयर नंबर सर्च करने पर 1 लाख 42 हजार निकाल लिए गए। वहीं संध्या काबरा नाम की महिला के से भी इसी तरह 2 लाख 12 हजार निकाल लिए गए। एक अन्य मामले में रायपुर के केदार प्रधान से भी ठगी हुई। इन चार मामलों में ठगों ने 19 लाख 54 हजार रुपए की ठगी की थी।



### पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में बैठकर कर रहे थे ठगी

लगातार ठगी की शिकायतों के बाद रायपुर पुलिस एक्टिव हुई और फोन नंबर व जिन खातों में रुपए ट्रांसफर हुए उसकी जानकारी लेने पर पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर का लोकेशन मिला। इसके बाद रायपुर पुलिस की एक टीम दुर्गापुर पहुंची। यहां पर एक कमरे से पुलिस ने पांच बदमाशों को पकड़ा। गिरफ्तार किए गए युवकों में एमडी आलम, दिनेश राय, प्रकाश राज, महेंद्र सिंह और रोहित कुमार यादव शामिल हैं और सभी झारखंड के जामताड़ा से ताल्लूक रखते हैं। इनके पास से अलग अलग कंपनियों के 151 सिम कार्ड, 11 एटीएम व 16 मोबाइल फोन बरामद किए गए। लंबे समय से यह लोग इस प्रकार की ठगी का काम कर रहे हैं।

### ठगी का तरीका भी हैरान करने वाला

ठगी के लिए इन लोगों ने गुगल पर बड़ी कंपनियों के कस्मर केयर नंबर की जगह अपने नंबर डाल रखे थे। जिस किसी शख्स को अपने खातों से संबंधित शिकायत के लिए कस्टमर केयर की नंबर जरूरतर होती तो वे गूगल पर नंबर सर्च करते। यहां पर वे इन ठगों के नंबर पर कॉल करते। ठग पहले से ताक में रहते हैं। कॉल मिलते ही किसी न किसी प्रकार से कोई एप डाउनलोड कराते हैं विश्वास में लेकर एटीएम पिन से लेकर ओटीपी तक पूछ लेते हैं। इस प्रकार आम आदमी को पता भी नहीं चल पाता कि उसके साथ कैसे ठगी हो गई। बाद में पता चलता है कि उसके खाते से रुपए कट गए हैं।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

खास - खबर

### सीए ब्रांच द्वारा एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन



**भिलाई।** भिलाई सीए ब्रांच द्वारा सीए भवन सिविक सेंटर में सीए सदस्यों अवम् छात्रों के लिए एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा बजट विश्लेषण व एस्टेट प्लानिंग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इंदौर से सीए पंकज शाह मौजूद रहे। सीए श्री शाह ने छात्रों को केंद्र सरकार द्वारा पेश किये गये बजट की बारिकीयों एवं नए प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही एस्टेट प्लानिंग के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए वसीयत किस प्रकार तैयार की जाये एवं किन बातों का प्रमुख रूप से ध्यान रखा जाये, इसकी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन नंदिनी कटारिया एवं सीए किरण गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व चेयरमेन सीए नितिन रूंगटा एवं पंकज अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का स्वागत भाषण चेयरमेन सीए प्रदीप पाल ने एवं धन्यवाद ज्ञापन सिकासा चेयरमेन सीए राहुल बत्रा ने दिया। इस दौरान मुख्य रूप से वाइस चेयरमेन सीए पायल जैन, कोषाध्यक्ष सीए अंकेश सिन्हा सहित 100 से अधिक छात्र-छात्राएं एवं सीए सदस्य उपस्थित थे।

### महाशिवरात्रि पर्व पर 18 फरवरी को भिलाई निगम क्षेत्र में बंद रहेंगी मांस विक्रय की दुकानें

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में 18 फरवरी 2023 दिन शनिवार को समस्त मांस विक्रय केंद्र तथा पशुवध गृह एवं जीव हत्या बंद रखे जाएंगे। भिलाई निगम ने निर्देश जारी करते हुए सख्ती से इसका पालन करने कहा है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के परिपत्र दिनांक 23 अगस्त 2006 एवं 12 अगस्त 2009 के अनुसार नगर पालिक निगम भिलाई सीमा क्षेत्र अंतर्गत संचालित पशु वध व मांस विक्रय केंद्र, महाशिवरात्रि पर्व के दिवस में बंद रखे जाएंगे। स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने इसका आदेश प्रसारित कर दिया है।

### बालाजी बिल्डर्स को रेरा ने किया डिफाल्टर घोषित

**दुर्ग।** छ0ग0 भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा), रायपुर विरुद्ध श्री बालाजी बिल्डर्स द्वारा जुगल किशोर तिवारी, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला, भिलाई का प्रकरण क्रमांक SM-PRO-2022-01723 में पारित अंतिम आदेश दिनांक 20.09.2022 अनुसार श्री बालाजी बिल्डर्स रियल एस्टेट प्रोजेक्ट खसरा न0 95 / 43 न्यू आदर्श नगर, भिलाई, दुर्ग को डिफाल्टर मानते हुए रेरा में पंजीयन क्रमांक CGRERA 2605184000147 (पार्टनरशिप फर्म) तथा पंजीयन क्रमांक CGRERA 100620000479 (प्रोपराईटरशिप फर्म) को प्रतिसंहरित किया गया है।

# मिनी इंडिया में भोलेबाबा की निकलेगी बारात दिखेगी देशभर की सांस्कृतिक झलक

## संगीत संध्या में झूमेंगे भक्त, फिल्म अभिनेत्री रिमी सेन भी होगी बारात में शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। हर बार की तरह इस साल भी महाशिवरात्रि में भिलाई में भोले बाबा की बारात निकाली जा रही है। यह महज आयोजन नहीं है, यह उत्सव और पर्व है। भोले बाबा की भक्ति में डूबे हुए श्रद्धालु नजर आएंगे। आयोजन की भव्यता इस बार से लगाया जा सकता है कि अब तक 31000 से ज्यादा आमंत्रण कार्ड बांटे जा चुके हैं। बोल बम एवं सेवा कल्याण समिति के अध्यक्ष, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने बताया कि, 18 फरवरी को हथखोज इंदिरा नगर, भिलाई चरोदा से भोले बाबा की बारात निकलेगी। यह आयोजन पिछले 15 साल से खुर्सीपार भिलाई में हो रहा है। भिलाई दुर्ग समेत प्रदेश भर के लोगों को हर साल रहता है इस तारीख का इंतजार रहता है।



### 3 माह से हो रही थी तैयारी

दया सिंह ने बताया कि इस बारत को सफल बनाने के लिए आयोजक बोलबम सेवा एवं कल्याण समिति के पदाधिकारी युवा विंग, महिला विंग एवं सदस्य विगत तीन माह से जुटे हुए हैं। यह आयोजन का 15वाँ वर्ष है। देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से लेकर केंद्रीय मंत्री और राज्यपाल पूर्व केबिनेट मंत्री, छ.ग. समेत गणमान्य नागरिकों व राजनेताओं को आमंत्रण कार्ड दिया गया है। अधिकांश राजनेताओं ने बाबा की बारात में शामिल होने की सहमति दे दी है।

### यह होगा आकर्षण

बारात में इस बार केरल प्रदेश की 07 झांकिया आ रही है। भगवान शिव ताण्डव करते हुए झांकी, मां काली माता का भव्य नृत्य की झांकी, गरूणा नृत्य की झांकी, मोर नृत्य की झांकी, भगवान गणेश की नृत्य, झांकी, हनुमान भगवान की झांकी विशाल रूप समेत अन्य देवी-देवताओं के स्वरूप लेकर झांकियां करते दर्शन देंगे। विजयवाडा, आंध्रप्रदेश की झांकी में माँ दुर्गा के नौ रूप पन्द्रह फुट का झांकिया देखने को मिलेगी। साथ ही भगवान भोलेनाथ की भस्म आरती की झांकी। राधाकृष्ण वृज की होली की झांकी खास होगी।

### हजारों कलाकार होंगे शामिल

बारात में जिला रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, बस्तर कांकेर, राजनांदगांव, खैरागड, गंडई, बेमेतरा, बालोद, पाटन उतई, नेवई, पथरी, जरवाय, उमदा से 151 झांकियां जिसमें राम, रावण, विभीषण भूत, पिश्चाच, राक्षस हजारों की संख्या में आपको भोले बाबा की बारात में देखने को मिलेगी। भोले बाबा की बारात में हजारों की संख्या में कलाकार उपस्थित रहेंगे। जो देवी-देवताओं के साथ-साथ भूत-पिशाच का वेष धारण कर भ्रमण करेंगे। दुर्ग जिला से झांकी ग्राफिक्स आर्ट द्वारा राम दरबार की झांकी पन्द्रह फुट, शिव विवाह की झांकी पन्द्रह फुट, भोले बाबा बासुकी नाग पर सवारी करते झांकी पन्द्रह फुट, भगवान शिव आनंद मुद्रा में नंदी पर बैठकर भ्रमण करते हुये झांकी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

### छत्तीसगढ़ी संस्कृति भी दिखेगी, इसकी भी तैयारी पूरी

इस बार भी राउत नाचा, अखाडा, पंथी नृत्य, डीजे, धुमाल, बैंड-बाजा, आकर्षण लाईटिंग के साथ भक्तिमय गीत सुनेंगे। जिसमें श्रद्धालु थिरकेंगे। झांकियों में रामदरबार, श्रीकृष्ण लीला, भगवान हनुमान दिव्य रूप, शिव तांडव स्वरूप, शिव मां-पावती विवाह मनमोहक प्रस्तुति, शेषनाग, नरसिंह, अवतार, मां काली का स्वरूप, राधाकृष्ण की प्रेम लीला समेत अन्य देवी- देवताओं के दर्शन आपको बारात में होंगे।

### इन रूट्स से होकर गुजरेंगी बाबा की बारात

प्रेस कान्फ्रेंस में अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि भोले बाबा की बारात दोपहर 2 बजे से लकलेगी। बारात दोपहर 2 बजे इंदिरा नगर हथखोज (वार्ड नं. 1) से प्रास्थान कर राम जानकारी शिवमंदिर पूजा अर्चना होगी। ट्रांसपोर्ट नगर होते हुए केनाल रोड, कार्तिकेय चौक, बोल बम चौक, नंदी तिराहा, जोन-1, शिव मंदिर होते हुए जोन-2 श्रीराम चौक होते हुए दुर्गा मैदान खुर्सीपार में विवाह स्थल पर समापन होगा। बारात के लिए सैकड़ों की संख्या में वालंटियर्स नियुक्त किए गए है।

### महिलाओं ने भी संभाली व्यवस्था, इनकी भूमिका महत्वपूर्ण

महिला विंग की अध्यक्ष मंजू मिश्रा ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए पुष्पा सिंह, सुनीता देवी, रजविंदर कौर, तारिणी शर्मा, बिलोतिन जैसवाल, हेमलता बिसाई सरस्वती यादव, लक्ष्मी चौहान, शोभा सरोज, सुशीला देवी, देवी शर्मा, पुष्पा यादव, प्रीति शर्मा, किरण लेहरे, पुष्पा रावत, अनिता यादव, साधना चतुर्वेदी, चंदा तिवारी, अनिता रावत, ममता राठी, सुलोचना अग्रवाल विद्या सिंह, अर्चना गोस्वामी, आनंदी वर्मा, अपर्णा दत्त त्रिलोकी वर्मा, मनाली दत्ता, श्यामला यादव, उजाला नंद, मंजू वर्मा, मधु कुमारी, सीमा प्रधान, राधा देवी सुनीता लोधी, उषा यादव, गायत्री देवी, उषा बघेल, चंदा देवी, अनीमाव शाहा, रिया शाहा, नीतू देवी कवित्री समेत अन्य आमंत्रण कार्ड देने के लिए घर-घर आमंत्रण दी है।

# अवैध निर्माण एवं अनाधिकृत विकास के नियमिती करण के लिए भिलाई निगम लगा रहा है शिविर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध निर्माण एवं अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए शिविर के आयोजन किए जा रहे हैं तथा शिविर के माध्यम से अनाधिकृत विकास एवं अवैध निर्माण के नियमितीकरण के लिए आवेदन जमा कराए जा रहे है। बीएसपी क्षेत्र से भी अवैध निर्माण एवं अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण को लेकर आवेदन का संग्रहण किया जा रहा है। इसके लिए सेक्टर 5 के 7-एम चौक में शिविर लगाकर 18 आवेदन प्राप्त किए गए। इसके साथ ही अनधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए पूछताछ करने लगभग 200 से अधिक लोग पहुंचे, आर्किटेक्ट ने इनका विवरण अपने पास रखा है। सेक्टर 5 के 7-एम चौक में दिनांक 14 फरवरी मंगलवार एवं 15 फरवरी बुधवार को भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का समय प्रातः 11:00 बजे से नियत किया गया है। अनाधिकृत निर्माण को लेकर शिविर में लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। इसी प्रकार से आज जोन क्रमांक एक नेहरू नगर क्षेत्र अंतर्गत आनंद



नगर में भी शिविर का आयोजन अनधिकृत विकास के नियमितीकरण को लेकर लगाया गया था, जिसमें 11 आवेदन लिए गए तथा बाकी लोगो को इसकी जानकारी दी गई। अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए निगम आयुक्त रोहित व्यास ने सभी जोन आयुक्त को टारगेट प्रदान किया है तथा सर्वे और शिविर लगाने के साथ ही अनाधिकृत विकास करने वालों को नोटिस जारी कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण, मिली हुई स्वीकृति के विपरीत निर्माण, आवासीय प्रयोजन में व्यवसायिक निर्माण या बिना स्वीकृति के निर्माण का निगम क्षेत्र में सघन सर्वे किया जा रहा है, इस सर्वे में आज 35 आवेदन नियमितिकरण के प्राप्त भी हुए। आर्किटेक्ट की सहायता से आवेदन जमा किया जाना है, आर्किटेक्ट की सूची www.bhilainagarnigam.com से प्राप्त की जा सकती है। अनाधिकृत निर्माण के नियमितीकरण की अधिक जानकारी के लिए नगर निगम के भवन अनुज्ञा शाखा के उप अभियंता शहबाज अहमद के मोबाइल नंबर 9399414300 पर संपर्क कर सकते हैं। नगर पालिक निगम भिलाई अपील करता है कि शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण कराएं। इसके अलावा निगम मुख्य कार्यालय व भिलाई के सभी जोन कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में कभी भी इसे लेकर आवेदन जमा किए जा सकते है और जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है।

नियमितीकरण के लिए यह होगी प्रक्रिया भवन अधिकारी हिमांशु देशमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि नियमितीकरण के लिए नियमितीकरण का आवेदन फार्म आर्किटेक्ट के जरिए जमा करना होगा। इसके अलावा लीज/लाइसेंस/आबंटन संबंधी दस्तावेज जो जीवित हो।

# भिलाई चेम्बर क्रिकेट टीम का होगा गठन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छ.ग. चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई द्वारा प्रदेश में विभिन्न टूर्नामेंट में खेलने हेतु भिलाई चेम्बर की एक क्रिकेट टीम का गठन किया जा रहा है। टीम गठन हेतु भिलाई की सभी बाजारों व औद्योगिक क्षेत्रों से व्यापारियों में बेहद उत्साह व खेलने की उमंग देखी जा रही है। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन व भिलाई अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने बताया कि भिलाई चेम्बर की टीम तैयार करने हेतु संजू खेत्रपाल व दिनेश जांगड़े को टीम संयोजक बनाया गया है।



टीम संयोजक द्वारा जानकारी दी गई की भिलाई की सभी मार्केट से टीम संगठित कर उनमे से एक भिलाई की टीम तैयार की जाएगी।टीम चयन के लिए प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 9 बजे तक प्रैक्टिस के लिए हाउसिंग बोर्ड ग्राउंड में रोज व्यापारी खेलने के लिए पहुच रहे है। अजय भसीन ने जानकारी दी कि भिलाई चेम्बर की एक मजबूत टीम सभी बाजारों की टीम में से चयन कर बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 16 फरवरी को भिलाई चेम्बर की टीम की घोषणा की जाएगी।

गार्गी शंकर मिश्रा ने जानकारी दी कि भिलाई चेम्बर टीम में शामिल होने के लिए भिलाई के व्यापारी उत्साहित है इस हेतु सभी बाजारों से टीम बनाने हेतु प्रतिनिधि तय किये गए है। मनोहर कृष्णानी के नेतृत्व में नंदिनीरोड,मनीष अग्रवाल के प्रतिनिधित्व में लिंकरोड व फल मंडी,उत्तमचंद के नेतृत्व में सेक्टर क्षेत्र की टीम तैयार की जा रही है।


अंकित अग्रवाल के प्रतिनिधित्व में हथखोज इंडस्ट्रीज एरिया,लाइट इंडस्ट्रीज एरिया व इंजीनियरिंग पार्क क्षेत्र की टीम उतसाहित है।

कुम्हारी से विशाल राठौर, सुपेला दक्षिण गंगोत्री से विनय सिंग,जलेबी चौक,चौहान स्टेट की टीम सुरेश होतवाणु, सुपेला अनाज मंडी,नेहरू रोड से अंकित जैन एवम हरीश शर्मा ,जामुल से दुर्गेश व अहिवारा से कैलाश नाहटा व सुनील अग्रवाल, जवाहर मार्किट से शिवराज शर्मा,खुर्सीपार, भिलाई 3 से पवन अग्रवाल,अपने अपने क्षेत्रों से टीम तैयार करने सक्रिय हो चुके है। भिलाई चेम्बर व्यापारियों के हित मे सक्रिय रहती है अब खेल के क्षेत्र में भी अपनी श्रेष्ठता साबित करने भिलाई चेम्बर टीम का गठन करने सक्रिय है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना शंकर सचदेव ने दी।

# मेहनत के 40 हजार लगाए किसान विकास पत्र में निकालने के लिए लगाने पड़ रहे पोस्ट आफिस के चक्कर, जनदर्शन पहुंचा फरियादी

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। मधुरिशा हाइट्स फेस 3 के रेसिडेंशियल एसोसिएशन प्रगति नगर के पदाधिकारी आज कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे। उन्होंने बताया कि 3 ब्लाक के घरों में रह रहे 56 परिवारों को उच्च दर में बिजली बिल का भुगतान करना पड़ रहा है। एसोसिएशन के सदस्यों का कहना था कि वहां के निवासीगणों को बिजली के स्थाई कनेक्शन से संबंधित समस्या आ रही है। 03 ब्लाक के अर्पाटमेंट में रहने वाले 56 परिवार को बिल्डर की लापरवाही के चलते व्यक्तिगत बिजली कनेक्शन नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि बिल्डर द्वारा कुछ लोगों के फाइनल रजिस्ट्री के कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया है और बिजली के उपलब्धता के लिए पूर्व के बचे बिजली के बिल का भुगतान नहीं किया गया है इसके चलते यह समस्या उत्पन्न हो रही है।



जिसके लिए पूर्व में जिला प्रशासन को अवगत कराया गया था जिसमें उसके द्वारा सकारात्मक कदम उठाए गए थे, जिसके तहत् तहसीलदार कार्यालय से प्रपत्र जारी किया गया था। जिसे मधुरिशा हाईट्स के निवासीगण द्वारा सीएसईबी के समक्ष आवेदन के साथ प्रस्तुत किया गया था। आवेदन तो स्वीकार किया गया परंतु कार्य की प्रगति की दिशा में कार्यवाही धीमी गति से चल रही है। व्यक्तिगत स्थाई कनेक्शन नहीं दिए जाने से वहां के निवासियों को 09 रूपए प्रति यूनिट की दर से बिजली बिल का भुगतान करना पड़ रहा है। क्योंकि एक ही मीटर से 56 घरों में बिजली उपलब्ध हो रही है इसलिए मीटर में यूनिट खपत ज्यादा प्रदर्शित होती है। जिसे वहां के निवासी सब मीटर लगाकर अपने यूनिट उपयोग अनुरूप बिल का भुगतान करते हैं। इसलिए प्रति घर इन निवासियों को अधिक बिल प्रदाय करना पड़ रहा है। वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यगणों का निवेदन था कि मधुरिशा हाईट्स फेस 03 को प्राथमिकता देते हुए इस समस्या का निदान किया जाए और बिल्डर को मूलभूत आवश्यकताओं के मेंटनेंस के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया जाए। कलेक्टर ने मामले का संज्ञान लेते हुए सीएसईबी के संबंधित अधिकारी को आवेदन प्रेषित किया।

किसान विकास पत्र को भुनाने में असमर्थ आवेदक भी जनदर्शन पहुंचा था। जिसके कथनानुसार 10 सितंबर 2010 को निवेश के दृष्टिकोण से उसने 40 हजार की राशि का किसान विकास पत्र खरीदा था। किसान विकास पत्र की तय अवधि समाप्त हो जाने पर आवेदक राशि को भुनाना चाहता था। आवेदक से त्रुटिवश किसान विकास पत्र की ओरिजनल कॉपी गुम जाने के कारण इसकी सूचना उसने पोस्ट आफिस में दी और अग्रिम आवेदन किस प्रकार प्रस्तुत करें इस संबंध में जानकारी मांगी। शुरूवात में पोस्ट आफिस द्वारा उन्हें एफआई.आर. दर्ज कराने के लिए कहा गया। क्रमवार उन्हें जो-जो दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया उसे उसके द्वारा प्रस्तुत किया गया। चाहे बांड हो या अन्य वांछित दस्तावेज परंतु उनके प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों में पोस्ट आफिस लगातार त्रुटियां निकालकर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है।

### पीपीपी मॉडल पर प्लांट की स्थापना जल्द,प्रतिदिन 125 टन कचरा का निष्पादन करने हेतु एमआईसी ने लिया बड़ा फैसला:

दुर्ग। मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर धीरज बाकलीवाल के अध्यक्षता और आयुक्त लोकेश चन्द्राकर की मौजूदगी में विकास कार्यो को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में अहम मुद्दो पर चर्चा की गई।सफाई व्यवस्थाओ के अलावा राजस्व की स्थित के साथ साथ एमआईसी सदस्यों के साथ विभागीय अधिकारियों से चार्ज की गई।शहीद चौक स्टेशन रोड दुर्ग खंडित प्रतिमाओं के स्थान पर नवीन प्रतिमा लगाने हेतु राशि 30 लाख की स्वीकृति के संबंध में विधायक,महापौर विभाग द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत दिया गया इसके साथ ही अन्य विषयों का संकल्प पारित किया गया।महापौर निधि से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम उद्यान हेतु स्वीकृति प्राप्त,एवरग्रीन एसोसिएट्स वार्ड क्रमांक 51 सीसी रोड निर्माण,डोंगरे बिल्डकॉन वार्ड 29 सुलभ शौचालय सीसी रोड निर्माण,बाजार विभाग नवनिर्मित गंजमंडी शॉपिंग काम्प्लेक्स की छठवा निविदा 23 जनवरी 23 में दुकान का ऑफर दर प्राप्त हुआ।बैठक में मौजूद एमआईसी सदस्य अब्दुल



गनी, संजय कोहले,दीपक साहू,ऋषभ जैन,जयश्री जोशी,सुश्री जमुना साहू,भोला महोविया,सत्यवती वर्मा,हमीद खोखर,अनूप चंदनिया,मनदीप सिंह भाटिया,कार्यपालन अभियंता आरके पांडेय,एसडी शर्मा, प्रकाशचन्द थवानी,जितेंद्र समैया,आरके पालिया, संजय ठाकुर,जावेद अली,आरके बोरकर के अलावा थानसिंग यादव मौजूद रहें। (स्वास्थ्य विभाग ) नगर पालिक निगम क्षेत्र शहर से निकलने वाले ठोस अपशिष्टो का निष्पादन हेतु पी0पी0पी0 मॉडल पर प्लांट की स्थापना किये जाने के संबंध में नगर पालिक निगम, दुर्ग क्षेत्रांतर्गत प्रतिदिन लगभग 125 टन कचरा उत्पादित होता हैं। जिसके सुचारू रूप से निष्पादन की व्यवस्था नहीं होने के कारण कचरो का ढेर निरंतर बन रहा हैं। नगर निगम, दुर्ग के पुराने ट्रेचिंग ग्राउण्ड के लींगेसी वेस्ट निष्पादन का कार्य प्रगति पर हैं, जो मई 2023 तक समाप्त होने की संभावना हैं। लेकिन प्रतिदिन उत्पादित होने वाले कचरो (ठोस अपशिष्ट) का आंशिक रूप से एस0एल0आर0एम0 सेंटर के माध्यम से निष्पादन किया जा रहा हैं।

# अग्रसेन भवन खुर्सीपार में 25 फरवरी को श्री श्याम महोत्सव

## श्याम रसोई - सवा मणि व अखंड जोत होंगे आकर्षण




श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। न्यू खुर्सीपार में एक बार फिर से श्री श्याम महोत्सव की धूम मचेगी। अग्रसेन भवन खुर्सीपार में 25 फरवरी को बाबा भक्त मंडल द्वारा 6वां श्री श्याम महोत्सव का भक्तिमय आयोजन किया जाएगा। इस साल विशेष थीम के साथ श्याम महोत्सव की भव्यता को और भी बढ़ाया जा रहा है।

चार धाम की थीम पर विशाल स्टेज का निर्माण किया जा रहा है जहां पर बाबा का विशेष श्रृंगार कर महोत्सव मनाया जाएगा। श्री श्याम महोत्सव के आयोजक बाबा भक्त मंडल से मिला जानकारी के अनुसार लगातार 6वें वर्ष खुर्सीपार में श्री श्याम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव की तैयारियां जोरों पर है। इस बार श्री श्याम महोत्सव में बाबा का विशेष श्रृंगार के साथ ही 56 भोग, श्याम रसोई, सवा मणि व अखंड जोत विशेष आकर्षण का केन्द्र होंगे। वहीं बाबा को रिझाने कोलकाता से रवि बेरिवाल व रोहित शर्मा तथा रायपुर से विनय अग्रवाल पहुंच रहे हैं। रातभर बाबा को रिझाने भजनों का कार्यक्रम होगा। रात को मौके पर फूलों की होली भी खेली जाएगी। बाबा भक्त मंडल ने इस कार्यक्रम में नगर वासियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950